www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 326 । नर्मदापुरम, सोमवार 3 मार्च 2025। पृष्ठ–8। मूल्य – 2.00 रुपए

भोपाल मंडल का व्यापक टिकट चेकिंग अभियान — पृष्ठ 2
इंदिरा जैसी हिम्मत नहीं दिखा पाए मोदी — पृष्ठ 4
बच्चों को परीक्षा के बीच ही भेजा भ्रमण पर, शिक्षकों की भी लगाई ड्यूटी — पृष्ठ 6
कटनी सहित प्रदेश के 10 अलग-अलग स्थानों में होगी औद्योगिक कॉन्क्लेव — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### निजी अमेरिकी कंपनी का अंतरिक्ष यान चांद पर उतरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर सफलतापूर्वक चंद्रमा के मैरे क्रिसियम क्षेत्र में उतर गया। यह मिशन 15 जनवरी, 2025 को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ और रविवार, को सटीक लैंडिंग के साथ समाप्त हुआ। फायरफ्लाई स्पेस, टेक्सास स्थित एक अमेरिकी निजी क्षेत्र की एयरोस्पेस फर्म है, जो अंतरिक्ष वाहनों के डिजाइन, निर्माण और प्रक्षेपण संचालन से संबंधित है। नासा की पोस्ट के अनुसार, कर्मशियल कंपनी के ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर ने नासा के 10 वैज्ञानिक उपकरण और तकनीकी डेमो को सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर पहुंचा दिया। नासा के मुताबिक, ब्लू घोस्ट के मिशन के दौरान, एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरणों का लक्ष्य चंद्र उपसतह ड्रिलिंग टेक्नोलॉजी, रेगोलिथ नमूना संग्रह क्षमताओं, ग्लोबल नेविगेशन उपग्रह प्रणाली क्षमताओं, विकिरण सहनशील कंप्यूटिंग और चंद्र धूल शमन विधियों का परीक्षण और प्रदर्शन करना है। कैप्चर किए गए डाटा से पृथ्वी पर मनुष्यों को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि इससे यह पता चल सकता है कि अंतरिक्ष का मौसम और अन्य ब्रह्मांडीय ताकतें पृथ्वी को कैसे प्रभावित करती हैं। नासा की कार्यवाहक प्रशासक जेनेट पेट्रो ने कहा, यह अविश्वसनीय उपलब्धि दर्शाती है कि कैसे नासा और अमेरिकी कंपनियां सभी के लाभ के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

### मोदी, राहुल और प्रियंका ने रमजान की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रमजान का महीना शुरू होने पर लोगों को शुभकामनायें देते हुये इस अवसर समाज में शांति और सद्भाव की कामना की है। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रमज़ान का पवित्र माह शुरू हो रहा है, उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आयेगा। यह पवित्र महीना आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है, साथ ही यह हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है। पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रमजान पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। गांधी ने कहा कि रमजान मुबारक। यह पवित्र महीना आपके जीवन को खुशियों से भर दे और आपके दिल को शांति प्रदान करे। प्रियंका वाड्रा ने कहा कि रहमतों और बरकतों के पवित्र माह रमज़ान की आप सभी को दिली मुबारकबाद। मैं ऊपर वाले से दुआ करती हूं कि ये महीना आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व अमन-चैन लेकर आए।

### पंजाब में नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब की मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया कि राज्य में नशे और नशा तस्करी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी और नशा का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मान के इस दावे का आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पंजाब में नशे के खिलाफ हमारी सरकार ने महायुद्ध छेड़ दिया है। नशे ने हमारे युवाओं और बच्चों को बड़ी संख्या में बर्बाद कर दिया। नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब से नशे को हमेशा के लिए खत्म किया जाएगा।

### हड़ताली मछुआरों ने केंद्र से की हस्तक्षेप की मांग

**रामेश्वरम, एजेंसी।** तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और श्रीलंकाई नौसेना द्वारा उनकी नौकाओं को जब्त करने की निंदा करते हुए 24 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना-प्रदर्शन पर बैठे रामेश्वरम के मशीनीकृत नाव मछुआरों ने रविवार को राज्यपाल आर.एन. रवि को एक याचिका सौंपी, जिसमें सभी कैद मछुआरों और उनकी नौकाओं की रिहाई के लिए केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की मांग की गई। यहां एक बैठक में भाग लेने आए रवि ने रामेश्वरम के थंगाचिमदम में धरना-प्रदर्शन कर रहे मछुआरों और उनके परिवारों से मुलाकात की और उनके साथ अपनी सहानुभूति एवं एकजुटता व्यक्त की। हड़ताल का आह्वान करने वाले फेडरेशन ऑफ ऑल मैकेनाइज्ड बोट्स फिशरमैन एसोसिएशन के नेताओं ने राज्यपाल को एक याचिका सौंपी, जिसकी एक प्रति मीडिया को जारी की गई। याचिका में उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार आश्वासन नहीं देती, तब तक मछुआरे हड़ताल जारी रखने का संकल्प ले चुके हैं क्योंकि श्रीलंकाई नौसेना अवैध शिकार की आड़ में लगातार हमला कर रही है।

किसान हितैषी नीतियों के क्रियान्वयन के लिए आभार जताने पहुंचे किसान, मुख्यमंत्री ने दी एक और सौगात

# किसानों को अब 5 रुपये में मिलेगा स्थाई बिजली कनेक्शन

- किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे
- सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली नगद खरीदी जाएगी
- मुख्यमंत्री ने कृषकों से फसल चक्र में बदलाव का किया आव्हान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को अब 5 रुपये में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। मध्य क्षेत्र को यह व्यवस्था तत्काल आरंभ करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों की सरकार है। उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे। राज्य सरकार सोलर पंप के माध्यम से किसानों को बिजली उत्पादन में भी आत्म-निर्भर बनाएगी। अगले तीन वर्ष में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराकर, किसानों को बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी। प्रतिवर्ष 10-10 लाख कनेक्शन दिए जाएंगे। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली खरीद कर उन्हें नगद भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रत्येक अंचल से आए किसानों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कृषकों ने साफा, गज माला, शॉल-श्रीफल और प्रतीक-चिन्ह के रूप में बैलगाड़ी एवं हल की प्रतिकृति भेंट कर अभिनंदन किया। कृषकों की ओर से होशंगाबाद सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने समस्त अतिथिगण को स्मृति चिन्ह के रूप में राम दरबार भेंट किये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव किसानों के साथ है और उनके हित में निरंतर कार्य कर रही है। हम 2 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद रहे हैं, इसमें 175 रुपये बोनस राशि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2003-04 में प्रदेश में गेहूँ खरीदी का सरकारी दाम मात्र 447 रुपए था जो राज्य सरकार ने बढ़ा कर 2 हजार 600 प्रति क्विंटल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार वर्ष 2024 के लिये धान उपार्जन पर 4 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर पंप के माध्यम से किसानों को स्थाई कनेक्शन भी दिए जाएंगे। हाल ही में अस्थाई कनेक्शन वाले डेढ़ लाख किसानों को स्थाई कनेक्शन दिलवाए गए हैं और इसकी राशि भी कम की गई है। तीन हॉर्स पॉवर वालों को सोलर पंप की 5 प्रतिशत राशि, 5 से 7.50 हॉर्स पॉवर के लिए 10 प्रतिशत राशि देना होगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से फसल चक्र में बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धान के बदले में मूंगफली और प्राकृतिक फसलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जैविक खेती से मध्यप्रदेश अपनी अलग पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जीआईएस भोपाल में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश में उत्पादित कपास से क्रांति आने वाली है। किसान परिवार के व्यक्ति को रोजगार देने वाली टेक्सटाइल मिलों को 5 हजार रुपये का बोनस दिया जाएगा।

▪ शेष पृष्ठ 8 पर

#### ऐतिहासिक फैसलों से किसानों में प्रशन्नता: शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि किसान मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव आभार व्यक्त करने का निर्णय सराहनीय है। इस ऐतिहासिक फैसलों से किसान परिवारों में प्रसन्नता का संचार हुआ। किसान मोर्चा के अध्यक्ष तथा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किसान हित में लिए गए निर्णयों के लिए प्रदेश के किसानों की ओर से आभार माना।

#### कृषि क्षेत्र में सिरमौर बनेगा राज्य: कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में किसानों को मिल रही सुविधाओं से राज्य पुनः कृषि में देश में सिरमोर बनेगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूँ और धान के बारे में घोषणा कर किसानों की मेहनत को सम्मान दिया है।

शेयर बाजार धोखाधड़ी मामला

# माधबी बुच पर दर्ज होगी एफआईआर

- मुंबई की अदालत का आदेश, 5 अन्य के खिलाफ भी दर्ज होगा मामला



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। आदेश में कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। शिकायतकर्ता, जो एक पत्रकार है, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला। शिकायतकर्ता ने कहा कि कई बार पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से संपर्क करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर विचार करने के बाद एसीबी वर्ली मुंबई क्षेत्र को आईपीसी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सेबी अधिनियम और अन्य लागू कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने आरोप लगाया था कि माधबी पुरी बुच और उनके पति की विदेशी कंपनियों में हिस्सेदारी थी, जिनका अडानी समूह से संबंध था। सितंबर 2024 में सेबी के 1,000 से अधिक कर्मचारियों ने मुंबई मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और माधबी पुरी बुच के इस्तीफे की मांग की। कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर विषाक्त माहौल का आरोप लगाया था। माधबी पुरी बुच ने 28 फरवरी 2022 को सेबी अध्यक्ष का पद संभाला था और वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला और पहली निजी क्षेत्र की पेशेवर थीं।

मजदूरों को बचाने का अभियान पूरा

## लापता चारों मजदूरों के शव मिले, मरने वालों की संख्या 8 हुई

**देहरादून, एजेंसी।** चीन सीमा पर माणा के पास शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आए सभी लोगों को ढूंढ लिया गया है। रविवार को लापता सभी चार श्रमिकों के शव बचाव टीम ने बरामद कर लिए हैं। जबकि चार श्रमिकों के शव शनिवार को बरामद हो गए थे। हिमस्खलन की चपेट में आने से अब तक आठ मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं, रविवार को एक अन्य घायल को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है। इसके साथ ही तीन दिनों से चला आ रहा बचाव अभियान भी समाप्त हो गया। माणा के पास शुक्रवार तड़के भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसके चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गए थे, जिनमें से 46 को बचा लिया गया है। आईटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। रविवार दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ। उसके बाद दो अन्य श्रमिकों के शव भी बरामद हुए। अंतिम लापता व्यक्ति का शव दोपहर करीब चार बजे बरामद कर लिया गया। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई।

**ज्योतिर्मठ सेना अस्पताल में भर्ती हैं घायल:** माणा से सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ज्योतिर्मठ स्थिति सेना के अस्पताल में लाया गया है। सबसे बाद में मिले शव को भी लाने का प्रयास किया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में सेना के सात और एक निजी हेलीकॉप्टर की मदद ली गई। जिनसे श्रमिकों को माणा से ज्योतिर्मठ लाया गया। दो श्रमिक एम्स ऋषिकेश भेजे गए। अन्य का आर्मी अस्पताल ज्योतिर्मठ में उपचार चल रहा है।

## सूटकेस में मिला था हिमानी का शव, गला घोंटकर की गई हत्या

कांग्रेस ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग



**रोहतक, एजेंसी।** कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह उसका शव सूटकेस में सांपला बस स्टैंड के पास रोहतक-दिल्ली रोड के किनारे मिला था। हिमानी रोहतक में कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता थी, जो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी शामिल रही थी, साथ ही सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हिमानी की हत्या की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे सांपला बाईपास नेशनल हाईवे नंबर 9 पर बस स्टैंड के साथ लगती दीवार के पास काले रंग के नए सूटकेस में शव मिला।

पुलिस ने एफएसएल एक्सपर्ट डॉक्टर सरोज दहिया के साथ जांच की। लड़की के गले में चुन्नी बंधी मिली। एफएसएल टीम को युवती की नाक से खून बहता मिला है। इसके अलावा सूटकेस से कुछ कपड़े भी बरामद हुए हैं। इनके नमूने साक्ष्य के तौर पर लिए गए हैं। युवती के हाथों पर मेहंदी लगी है जबकि कानों में छोटी-छोटी दो-दो बालियां मिली हैं। जांच में हिमानी नरवाल निवासी विजय नगर के तौर पर पहचान हुई, जो वैश्य लॉ कॉलेज से वकालत की पढ़ाई करने के साथ कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर काम करती थी।

उसने सोशल मीडिया अकाउंट पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक भारत भूषण बतरा व अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव प्रचार के फोटो डाल रखे हैं। उसके घर पर पिछले चार दिनों से ताला लटका है।

#### घर पर अकेली रहती थी हिमानी

विजय नगर में हिमानी के पड़ोसियों ने बताया कि हिमानी नरवाल घर पर अकेली रहती थी। मां और छोटा भाई दिल्ली में रहते हैं। वे यहां आते रहते थे। संभवतः यही वजह रही कि युवती के घर नहीं लौटने का परिजनों पता नहीं लगा। ऐसे में उसकी कहीं गुमशुदगी की रिपोर्ट नहीं लिखवाई गई। पुलिस के अनुसार, उसके बड़े भाई की करीब 15 वर्ष पहले हत्या हो चुकी है। इसके बाद पूरा परिवार बाहर जाकर रहने लगा था। हिमानी करीब दो साल पहले ही अपनी नानी के साथ यहां आई थी। नानी के निधन के बाद से अकेली रह रही थी।

सेना व सुरक्षा बलों के समक्ष

## मणिपुर के कई जिलों में हथियार जमा कराए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर के कई जिलों में 99 घातक हथियार और गोला-बारूद को सेना व सुरक्षा बलों के समक्ष सरेंडर किया गया है। ये हथियार मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में आत्मसमर्पण किए गए हैं। इससे पहले भी लोगों ने हथियार जमा कराए थे।

भारतीय सेना के मुताबिक मणिपुर के तामेंगलोंग जिले के फैतोल क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा की गई लगातार बातचीत के परिणामस्वरूप 17 सिंगल बैरल राइफलें (स्थानीय निर्मित), नौ मोर्टार (पोम्पी), ग्रेनेड, गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे हथियार आत्मसमर्पण कर दिए गए हैं। सेना ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि कांगपोकपी जिले के सैकुल में, असम राइफल्स द्वारा अन्य हितधारकों के साथ समन्वय में सात 12 बोर राइफल और 15 मोर्टार का आत्मसमर्पण कराया गया। वहीं इंफाल पूर्वी जिले के सगोलमांग में पांच 12 बोर बोल्ट एक्शन राइफल, एक लैथोड बंदूक और 11 मोर्टार का सरेंडर हुआ। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा बलों ने पहाड़ी इलाकों में 10 हथियारों का आत्मसमर्पण कराया। इनमें एक 7.62 मिमी सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), एक .303 राइफल, चार सिंगल बोर बैरल राइफल, दो पिस्तौल और दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार शामिल थे।

इसी तरह 14 अन्य हथियारों के आत्मसमर्पण की पुष्टि की गई है। इनमें एक स्नाइपर, एक पिस्तौल, पांच इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, दो इंसास, एक कार्बाइन मशीन शामिल है। कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिले में बंदूक (सीएमजी), एक पिस्तौल (देश निर्मित), एक 51 मिमी मोर्टार, दो मोर्टार, तीन आईईडी, गोला-बारूद और युद्ध जैसे अन्य हथियारों का सरेंडर किया गया है। भारतीय सेना मणिपुर में मोइरांगपुरेल व इथम के सामान्य क्षेत्रों में संबंधित हितधारकों के साथ भी हथियारों के सरेंडर को लेकर जुड़ी रही। यहां भी घातक हथियार सरेंडर कराए गए हैं जिनमें एक स्टेन मशीन कार्बाइन, तीन 12 बोर सिंगल बैरल राइफल और एक .303 राइफल के

## महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़छाड़

**जलगांव,एजेंसी।** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है। डीवाईएसपी कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। हमने प्रिवेंशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट के साथ-साथ आईटी (इन्फॉर्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं। पुलिस के मुताबिक, मेले के दौरान कुछ लड़कों ने रक्षा खडसे की बेटी से छेड़खानी की। साथ मौजूद पुलिस सुरक्षाकर्मी का कॉलर पकड़ा और उसे भी धमकी दी। लड़के रक्षा खडसे की बेटी और उसकी सहेलियों का वीडियो बना रहे थे। जब गार्ड ने देखा तो उसने लड़कों को रोका। गार्ड ने जब मोबाइल जब्त कर जांच की। इसके बाद लड़कों ने सुरक्षाकर्मी से मारपीट शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मी ने युवकों को बताया कि यह लड़की केंद्रीय मंत्री की रिश्तेदार है, लेकिन युवक नहीं रुके।

## मायावती ने भतीजे आकाश को सभी पदों से हटाया, बोलीं मेरे जीते जी कोई नहीं बनेगा उत्तराधिकारी

**लखनऊ, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद की नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से छुट्टी कर दी है। इसके अलावा उन्होंने घोषणा की कि उनके जीते जी कोई पार्टी का उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित आल इंडिया के सभी छोटे-बड़े पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पद से हटा दिया है। अब आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। साथ ही दोनों के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांशीराम के पदचिन्हों पर चलकर ही अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनंद के ससुर भी हैं, अब पार्टी मूवमेंट के हित में पार्टी से निकालकर बाहर किया गया है। जिन्होंने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का काम किया। मायावती ने कहा कि ऐसे में पार्टी के हित में आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है, जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इनके ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार हैं।





चुनाव आयोग ने किया साफ

## ईपीआईसी नंबर समान होने का मतलब फर्जी मतदाता नहीं

#### आयोग ने मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों को निराधार बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने ऐसी रिपोर्टों का संज्ञान लिया है, जिसमें दो अलग-अलग राज्यों के वोटरों के समान मतदाता पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) नंबर होने का मुद्दा उठाया गया है। आयोग का कहना है कि ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य के अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज होता है, न कि कहीं और। चुनाव आयोग ने एक नई पहल करते हुए मतदाताओं को यूनीक ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय भी लिया है। आयोग का कहना है कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर समान हो सकते हैं, लेकिन समान ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं के लिए जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबर होने का मतलब यह नहीं है कि मतदाता फर्जी है।

**कई विपक्षी दलों ने चिंता जाहिर की**

आयोग का यह स्पष्टीकरण विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में रविवार को सामने आया है। कई विपक्षी दलों ने भी मतदाताओं को जारी किए गए एक समान ईपीआईसी नंबर को लेकर चिंता जाहिर की है। चुनाव आयोग का कहना है कि किसी भी आशंका को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। आशंका दूर करने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को यूनीक ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय भी लिया गया है। डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर के किसी भी मामले को एक यूनीक ईपीआईसी नंबर आवंटित करके ठीक किया जाएगा। इस प्रक्रिया की सहायता के लिए ईआरओएनईटी 2.0 प्लेटफॉर्म को अपडेट किया जाएगा।

**मैन्युअल प्रणाली के कारण हुआ**

विभिन्न राज्यों के कुछ मतदाताओं को जारी किए गए समान ईपीआईसी संख्या का कारण भी आयोग ने बताया है। आयोग के मुताबिक, यह पहले अपनाई गई विकेंद्रीकृत और मैन्युअल प्रणाली के कारण हुआ। इसके परिणामस्वरूप कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालयों ने एक ही ईपीआईसी अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला का उपयोग किया। इसके कारण विभिन्न राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर आवंटित किए जाने की संभावना बनी रही।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### गांधी स्टेडियम में राष्ट्रीय ईनामी दंगल 9 को

**इटारसी, देशबन्धु।** उस्ताद काशीनाथ भाऊ की स्मृति में श्री बजरंग व्यायाम शाला एवं श्री गुरु हनुमान व्यायाम शाला समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय ईनामी आम दंगल इस बार 32 में वर्ष में रविवार 9 मार्च को दोपहर 2 बजे से मिनी गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। अभी तक 30 पहलवानों की जोड़ी के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। पिछले साल की तरह इस बार भी विशाल इनामी दंगल में मुख्य आकर्षण का केंद्र पतंजलि योगपीठ के शास्त्री रहेंगे। शहर में 32 वे वर्ष में होने जा रहे विशाल ईनामी आम दंगल की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष उमा चौधरी एवं संरक्षक मोहन पहलवान ने बताया है कि आम दंगल में देश भर के विभिन्न प्रांतों की 30 पहलवानों की जोड़ियां हर साल की तरह इस बार भी कुश्ती के बेहतरीन दावपेच आजमाएंगी। पतंजलि योगपीठ के शास्त्री के द्वारा आम दंगल में अपने शरीर से होकर ट्रैक्टर चलवाया जाएगा जो कि पूरे आयोजन में दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस बार विशाल इनामी आम दंगल में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र राज्यों के साथ ही भोपाल, हरदा, खंडवा, बैतूल, नरसिंहपुर, जबलपुर एवं अन्य शहरों से भी एक से बढ़कर एक पहलवानों की जोड़ियां आयोजन में बेहतरीन पहलवानी का प्रदर्शन करेंगे।

### पुणे-दानापुर-पुणे होली विशेष ट्रेन इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी


**इटारसी, देशबन्धु।** होली पर्व के लिए रेलवे हर वर्ष यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने विशेष ट्रेनें चलाता है। रेलवे ने इस वर्ष भी विशेष ट्रेनें चलाना प्रारंभ किया है। होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 01481/01482 पुणे-दानापुर-पुणे होली विशेष ट्रेन (3-3 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 01481 पुणे-दानापुर होली विशेष ट्रेन 10 मार्च, 14 मार्च एवं 17 मार्च को पुणे स्टेशन से रात 19.55 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 11.15 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 5 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01482 दानापुर-पुणे होली विशेष ट्रेन 12 मार्च, 16 मार्च एवं 20 मार्च को सुबह 6.45 बजे दानापुर स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन रात 1.50 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए दोपहर 17.35 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में पुणे जंक्शन, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड जंक्शन, जलगांव जंक्शन, भुसावल जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस विशेष ट्रेन में 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी, 7 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे।

### आदिवासी समाज का पारंपरिक विवाह एवं सामाजिक विचार सम्मेलन 11 मई को



**इटारसी, देशबन्धु।** आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक तरीके से 11 मई को समाज का विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसे शिव-पार्वती आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं धार्मिक व सांस्कृतिक, सामाजिक विचार सम्मेलन का नाम दिया है। आयोजन को लेकर आज आदिवासी समाज की एक बैठक का आयोजन बड़ावदेव पेनठाना ग्राम घोघरी, ग्राम पंचायत गजपुर, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम में किया गया। इस अवसर पर समाज के सम्मेलन की रूपरेखा बनाकर उसमें अधिक से अधिक समाजजन शामिल हों, इस पर चर्चा की गई। इस अवसर पर शिवराम उईके, आकाश कुशराम, अशीष उईके, जियालाल मर्सकोले, गणेश परते, श्याम, अंकित मर्सकोले, मोनू परते, प्रशांत उईके, प्रमोद उईके, राजू उईके आदि उपस्थित थे।

### इमाम शाह बने मुस्लिम विकास परिषद के जिला उपाध्यक्ष



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अथर खान ने प्रांतीय उपाध्यक्ष शरीफ राईन की अनुशंसा से हसनी हुसैनी मदार कमेटी के संस्थापक एवं समाजसेवी इमाम शाह को मुस्लिम विकास परिषद नर्मदापुरम का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री खान ने बताया कि मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद लगातार सामाजिक उत्थान और समाज में शैक्षणिक क्रांति लाने का कार्य कर रही है। परिषद का उद्देश्य समाज को मुख्य धारा से जोड़कर सरकार और समाज के बीच एक सशक्त संबंध स्थापित करना है। इसी तारतम्य में इमाम शाह शिकोही मदारी को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। ज्ञात हो इमाम शाह लगातार समाज सेवा में सक्रिय सहभागिता निभाते रहे हैं। उनकी निस्वार्थ समाज सेवा के मद्देनजर उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है।

# भोपाल मंडल का व्यापक टिकट चेकिंग अभियान

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे ने ट्रेन में बिना टिकट, बिना उपयुक्त टिकट यात्रियों की टिकट जांच कर जुर्माना वसूला। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। इटारसी में स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जांच के स्टेशन के बाहर न जा सके। इटारसी स्टेशन पर कुल 36 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 88 यात्री पकड़े गए, जिनसे 52,020 रुपए बतौर किराया, जुर्माना वसूला गया।

अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 133 यात्री पाए गए, जिनसे 64,930 रुपए बतौर जुर्माना, किराया वसूला गया। इस प्रकार इटारसी स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 221 मामलों से कुल 1,16,950 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें



बताया कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें। अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतीक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है।

# युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक के मामलों को देख जैन समाज ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**इटारसी, देशबन्धु।** युवाओं में बढ़ते हुए हार्ट अटैक के मामलों को ध्यान में रखते हुए श्री प्रभावना भावना जन कल्याण समिति इटारसी द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि वर्ष में आर्यिका भावना मति माताजी के आशीर्वाद प्रेरणा से समिति ने दयाल मल्टी हॉस्पिटल इटारसी के सहयोग से हृदय रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जिसमें जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सौरव पाठक ने इलाज और परामर्श दिया। कावेरी स्टेट श्री आदिनाथ जैन मंदिर संत निवास में रविवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि दयाल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अचलेश्वर दयाल एवं डॉ शीतल दयाल एवं सौरव पाठक, सकल जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन की उपस्थिति में अतिथियों ने आचार्य विद्यासागर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। डॉ. अचलेश्वर दयाल ने संबोधन में कहा कि युवाओं में हृदय रोग के मामले बढ़ रहे हैं, समाज को स्वास्थ्य संबंधित सहयोग दयाल हॉस्पिटल से हमेशा मिलता रहेगा। जैन समाज के बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं ने हृदय रोग से संबंधित अपनी जांच कराई एवं डॉ सौरभ पाठक ने मरीजों का परीक्षण कर उचित परामर्श दिया। समिति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। संचालन एडवोकेट दीपक जैन ने आभार प्रभावना भावना जन कल्याण समिति के सचिव राजेश जैन ने किया। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।





# मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर बैतूल में सियासी भूचाल!

## *ऐसे नेता वोट मांगने आएं तो उन्हें उनकी 'औकात' जरूर बताएं-गोलू*

**बैतूल, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है वाले बयान के बाद बैतूल की राजनीति गर्मा गई है। इस विवादित टिप्पणी पर कांग्रेस सेवा दल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बैतूल कांग्रेस सेवा दल के ब्लॉक अध्यक्ष गोलू सोनी ने मंत्री पटेल के बयान पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता के वोट से चुने जाने वाले नेता अब उसी जनता को ही भीखारी कहने लगे हैं।



गोलू सोनी ने कहा कि यह वही जनता है जिसने अपने बहुमूल्य वोट देकर इन्हें विधायक बनाया और फिर मंत्री पद तक पहुंचाया। चुनाव के समय जो नेता जनता के दरवाजे पर हाथ जोड़कर वोट मांगते हैं, वही जब सत्ता में आ जाते हैं तो उसी जनता को अपमानित करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की मानसिकता रखने वाले नेताओं को किसी भी पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने मंत्री प्रहलाद पटेल को घेरते हुए कहा कि जनता अपनी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों के पास जाती है, लेकिन अब ये नेता खुद को राजा समझने लगे हैं और जनता को भीखारी बताने लगे हैं। यह सीधे तौर पर गरीब और आम जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेता सिर्फ चुनावी समय में जनता को याद करते हैं और फिर सत्ता में आते ही अपने असली रंग में आ जाते हैं। सोनी ने जनता से अपील की कि जब अगली बार ऐसे नेता वोट मांगने आएं तो उन्हें उनकी 'औकात' जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि यह जनता ही है जो किसी को विधायक और मंत्री बना सकती है, और जब जनता चाहेगी, तो इन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता भी दिखा देगी।

# राजीव कप -एसवीएटी पुणे ने 127 रनों से दर्ज की बड़ी जीत

## कनारा क्लब विदिशा और पुलिस लीजेंड बैतूल आज भिड़ेंगे

**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में खेले जा रहे अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप के तहत रविवार 2 मार्च को एसवीएटी 11 पुणे और भोपाल 11 के बीच जबरदस्त मुकाबला खेला गया। इस मैच में एसवीएटी 11 पुणे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 127 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। पुणे के हिमांशु की घातक गेंदबाजी और पवन की ताबड़तोड़ सेंचुरी इस मुकाबले की सबसे बड़ी हाईलाइट रही। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसवीएटी 11 पुणे ने धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 291 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पुणे के स्टार बल्लेबाज पवन ने सिर्फ 51 गेंदों में 119 रन ठोक डाले, जिसमें 11 चौके और 9 छक्के शामिल थे। इस ऐतिहासिक शतकीय पारी के लिए पवन को समाजसेवी पुनीत खंडेलवाल ने एक हजार रु नगद पुरस्कार प्रदान किया। उनके अलावा हिमांशु ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 56 रन बनाए। इनके दम पर एसवीएटी 11 पुणे ने भोपाल 11 के सामने पहाड़ जैसा लक्ष्य रख दिया। 291 रनों के लक्ष्य



का पीछा करने उतरी भोपाल 11 की शुरुआत बेहद खराब रही। हालांकि, टीम के बल्लेबाज युवराज ने संघर्ष करते हुए 40 गेंदों में 63 रन की बेहतरीन पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम सिर्फ 164 रन पर सिमट गई। हिमांशु बनते ने अपनी ऑलराउंडर काबिलियत का शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 5 विकेट झटके और भोपाल 11 की कमर तोड़ दी। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हिमांशु को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। उनकी हरफनमौला परफॉर्मेंस ने एसवीएटी 11 पुणे को इस बड़े मुकाबले में शानदार जीत दिलाई। मैच के दौरान कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे, जिनमें पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र देशमुख, पत्रकार घनश्याम राठौर (पत्रिका), बलवंत घोटे (दैनिक मत), अनिल सिंह ठाकुर, समाजसेवी उषभ गोठी, कमेंटेटर अभिजीत राठौर, विक्की पवार, अतुल शर्मा सहित कई लोग शामिल थे। स्कोरिंग की जिम्मेदारी हर्षित पंडाग्रे और कृष्णा नाईक ने निभाई, जबकि ग्राउंड की देखरेख बॉबी भाई ने की। आयोजन को सफल बनाने में मोनू वाघ, सेंटी वाघमारे और विशाल गलफट का विशेष ेगदान रहा। राजीव कप के तहत 3 मार्च को एक और रोमांचक मुकाबला होने जा रहा है, जहां कनारा क्लब विदिशा और पुलिस लीजेंड बैतूल आमने-सामने होंगे।

### रामसत्ता प्रतियोगिता में इटारसी के किन्नर मंडल सहित एक दर्जन को पुरस्कार



**इटारसी, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के अवसर पर तिलक सिंदूर में होने वाली प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार इटारसी, द्वितीय धुरगाड़ा और तृतीय बैराखेड़ी ने जीता। रामसत्ता प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामीण अंचलों से एक दर्जन से अधिक भजन मंडलों ने भाग लेकर अपनी-अपनी प्रस्तुति दी थी। रामसत्ता में भजन सुनने दूर-दूर से पहुंचे भगवान भोलेनाथ के भक्त भी झूम उठे। इटारसी के मंडल, शिव जस घुरगाड़ा, दुर्गा कीर्तन मंडल बैराखेड़ी और श्री ठाकुर मंडल सुपरली को पांच-पांच हजार रुपए, कृष्ण सुदर्शन मंडल मालवीगज, रेवा मंडल टांगना, श्री दुर्गा मंडल नयागांव, श्री शंकर मंडल शैल, श्री बालाजी मंडल अमाड़ा को 3100 रुपए, श्री रेवा मंडल सोठिया धाईं, श्री राधा-कृष्ण मंडल सनखेड़ा को 2100 रुपए और श्री लेडीस मंडल इटारसी को 501 रुपए प्रदान किये।


### रेलवे की अंतरविभागीय प्रतियोगिता सीएंडडब्लयू ने जीती, डीजल शेड उपविजेता



**इटारसी, देशबन्धु।** रेल संस्थान 12 बंगला द्वारा आयोजित अंतर विभागीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला सीएंडडब्ल्यू एवं डीजल शेड के मध्य खेला गया। सीएंडडब्ल्यू ने डीजल शेड को हराकर फाइनल मुकाबले पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि श्रीमती माया नारोलिया, राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि नगर मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राहुल चौरे, जेडआरयूसीसी मेंबर राजा तिवारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पश्चिम मध्य रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मंडल सचिव टीके गौतम, मंडल अध्यक्ष आरके यादव ने विजेता ओर उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किये। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सचिव रेल संस्थान वकील सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद गोरे, सदस्य प्रदीप प्रजापति, तौसीफ खान, शेख जावेद, दीपक कुमार, श्री सूर्यवंशी, श्री मीना, आशीष परदेसी, केयरटेकर रेल संस्थान 12 बंगला, भूषण कनौजिया, नीलेश, लालू चौधरी, कुणाल बुंदेल, जितेंद्र भगत, विनय विश्वकर्मा, धर्मेंद्र भगत, मोनू लाल का विशेष सहयोग रहा।

### आदिवासी विकास परिषद की बैठक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव की नियुक्ति

इटारसी, देशबन्धु। आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में शंकर मंदिर जमानी में आज परिषद की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा गया जिसमें सभी सदस्य की सहमति तथा अन्य कार्यकर्ता की उपस्थिति में समाज को आगे बढ़ाने तथा कुरीतियों को दूर करने चर्चा की गई। सभी ने सर्व सहमति से उमेश मरकाम को आदिवासी विकास परिषद ब्लाक केसला का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नारायण इरपाचे, नरेश उईके, सचिव जितेंद्र इवने को चुना। इस अवसर पर कहा गया कि आदिवासी समाज के साथ अत्याचार हो रहा है, अत्याचार की लड़ाई सहित विभिन्न मुद्दे पर संगठन संघर्ष करेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य विजय कावरे, सुखराम कुमरे, खुमान सिंह भल्लावी, सुमित सेलूकर, राजकुमार उईके, आशाराम इवने, सतीश पंदाम, मोती सिंह धुर्वे, बरजोर सिंह, रवि शंकर धुर्वे, हरीराम धुर्वे, रामबक्स सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# श्री शंकर मंदिर में भंडारा, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**इटारसी, देशबन्धु।** शिव की भक्ति के पर्व महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कार्यक्रमों की श्रंखला में वार्ड 15 में भारतीय जीवन बीमा निगम के पास स्थित श्री शंकर मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक, प्रसाद, भंडारा में हजारों भक्तों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। भगवान शिव का श्रृंगार शिव भक्त कुमारी कनक नायर ने मल्लिकार्जुन की तर्ज पर किया जिसे शिव भक्तों एवं जनता ने सराहा। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण तिवारी ने आरती की। समिति के सदस्य प्रदीप रैकवार, कीर्ति पटेल, किशोर सीरिया, राजेश पटेल, आरसी नामदेव, मयूर सेन, हेमराज, राजकुमार पटेल, रितेश सेन ने शिव भक्तों सहित आरती की। रात्रि में समिति के सदस्यों ने अभिषेक किया। महा आरती में नगर पालिका के अध्यक्ष पंकज चौरे, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, नगर भारतीय जनता पार्टी के वार्ड पार्षद कल्पेश अग्रवाल, भाजपा पूर्व अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, शिवाकांत मालवीय शामिल हुए। भंडारा से पूर्व सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन प्रसादी कराया तदुपरांत लगभग 3000 श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरण की गई। भोजन प्रसादी वितरण में तेज सिंह राजपूत, पुरुषोत्तम सैनी, गोलू रघुवंशी, गोलू मालवीय, लाल साहब चौधरी, राजा रैकवार, पवन सोनी, सुमित सेन, करतार, नब्बू का सहयोग मिला।



# दूसरे प्रांत से लाकर बेची जा रही अवैध शराब, दो गिरफ्तार

**चिचोली, देशबन्धु।** चिचोली पुलिस द्वारा दूसरे प्रांत से अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बैतूल खंडवा रोड पर ग्राम नांदा के फॉरेस्ट बेरियल के समीप घेराबंदी करते हुए दो यक्तियों को मोटरसाइकिल क्रमांक एम एच 27 डी एम 1983 मोटरसाइकिल पर सफेद रंग की बोरियों में शराब परिवहन करते हुए पकड़ा है, जिसमें आरोपी प्रशिक पिता प्रभु दास चक्रवर्ती उम्र 19 साल निवासी बैरागढ़ थाना धारणी जिला अमरावती महाराष्ट्र, दूसरा आरोपी महेंद्र सिंह पिता हरिशंकर पालवी उम्र 19 साल निवासी चिकलडाना थाना धरणी जिला अमरावती महाराष्ट्र का है। आरोपीयो पास से देसी शराब गोल्डन संतरा 17 .28 लीटर 49 क्वार्टर, देसी शराब गुलाबी संतरा13.86 लीटर154 क्वार्टर, देसी शराब मिठी सौफ 13.32 लीटर 148 क्वार्टर कुल 53 .38 लीटर जिसकी कीमत 21210 रुपए जप्त की है। इसके अलावा 80 हजार रुपए अनुमानित राशि की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल जप्त की है। आरोपियों के पास शराब परिवहन संबंधित कोई आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए जाने पर दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



# संस्कृत भारती नर्मदापुरम जिले की बैठक में समर्पण और निष्ठा से कार्य करने का आग्रह

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संस्कृत भारती नर्मदापुरम के कार्यकर्ताओं की रविवार को संघ कार्यालय नर्मदापुरम में हुई बैठक में जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं सह मंत्री तथा अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। साथ ही जिला स्तरीय समिति के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता सम्मिलित हुए । बैठक में संभाषण शिविरों के आयोजन, संभाषण संदेश पत्रिका की सदस्यता, बालकेन्द्र, पत्राचार द्वारा संस्कृत शिक्षण एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार पर चर्चा संपन्न हुई। संस्कृत भारती नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष सुधांशु शेखर मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित एवं निष्ठावान होकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया, साथ ही सभी विकासखंडों में



संस्कृत संभाषण के शिविर आयोजित हों इस हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला संपर्क प्रमुख शत्रुंजय प्रताप सिंह बिसेन ने संपूर्ण जिले में संस्कृत के संभाषण शिविर आयोजित करने हेतु तथा संस्कृत के प्रचार हेतु उद्बोधन प्रदान किया तथा विद्यालयों में संस्कृत माध्यम से अध्यापन पर बल दिया। जिला मंत्री अरुण कुमार दुबे ने बैठक का संयोजन किया एवं आभार प्रदर्शित किया।

### इटारसी कोर्ट के लिए पंजीकृत हुए 6 नये अधिवक्ता

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद में वर्ष 2025 में बतौर अधिवक्ता 6 नए अधिवक्ता इटारसी कोर्ट के लिए पंजीयन हुए हैं। इनके पंजीयन के बाद नगर के अधिवक्ताओं ने इन सभी को शुभकामनाएं दी हैं। बता दें कि इटारसी निवासी रक्षित शर्मा, अजय कुमार मेहरा, मनीषा राजपूत, सृष्टि आहके, सौरभ गुरियानी, आस्तिक ओझा इटारसी कोर्ट के लिए पंजीकृत हुए हैं। ये सभी अब इटारसी कोर्ट में अभ्यास करेंगे।

# भाजपा ग्रामीण मंडल के समर्पण सेवा निधि अभियान में घर-घर दस्तक

**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल इटारसी-नर्मदापुरम द्वारा समर्पण निधि अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। आज रविवार को भी बुधवाड़ा, हासलपुर, साकेत, उंदराखेड़ी, ताल नगरी आदि ग्रामों में इस अभियान के तहत ग्रामीण मंडल के समस्त पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल के नेतृत्व में ग्रामीण जनों के घर-घर पहुंचे और उन्हें समर्पण निधि सदस्यता अभियान से जोड़ा। उपरोक्त संदर्भ में जानकारी देते हुए



भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देश पर यह अभियान निरंतर जारी है, जिसके तहत पार्टी के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को समर्पण निधि रशीद कटवाकर शुल्क जमा कराकर सदस्यता दिलाई जा रही है। उपरोक्त में मंडल के वरिष्ठ सदस्य पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कुशल पटेल, जिला मंत्री ज्योति चौरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह, विधायक प्रतिनिधि जीएस पटेल, हिमाचल सिंह, विनोद वर्मा, नवनीत मलैया, बृजेश चौरे, हरीश केवट, दुलीचंद कीर, राजेश पाल सहित समस्त पदाधिकारी शामिल रहे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में वृत नर्मदापुरम आबकारी टीम द्वारा बरखेड़ा से आ रही एक मोटरसाइकिल को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में स्कूटी से एक थैले में 48 केन बीयर पाई गई। वाहन चालक ने नाम पूछने पर



अपना नाम केवल नवलानी निवासी ग्वालटोली होना बताया। मौके पर संपूर्ण कार्यवाही कर कार्यवाही का वीडियो आदि बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर जब्त मदिरा एवं वाहन कब्जे आबकारी लेकर आरोपी पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। जब्त की गई सामग्री की अनुमानित कीमत 58000 है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक सुयश फौजदार, आबकारी आरक्षक धर्मेंद्र बारंगे, गणपति बोबडे, भावना यादव, मोहन यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### डंपर खाली करने के दौरान दीवार क्षतिग्रस्त



**हरदा, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना के बाजू में डंपर खाली करने के दौरान पलटने से रेवा गार्डन के किचन की दीवार क्षति ग्रस्त हो गई है। गार्डन संचालक उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि डंपर क्रमांक पीबी 11 डीडी 6113 को खाली करने के दौरान डंपर पलट गया,इससे गार्डन के किचन एवं कमरों की दीवार एवं शेड टूट गए है ।उन्होंने थाना प्रभारी को आवेदन देकर लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान होने की बात कही है,वहीं डंपर मालिक पर कार्रवाई करने का निवेदन भी किया है।

### इरम खान ने 6 वर्ष की आयु में रखा अपना पहला रोजा

**हरदा, देशबन्धु।** मुस्लिम समाज के पाक महीने रमजान की शुरुआत उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रविवार से हो चुकी है, इस्लाम में इस माह का बड़ा महत्व बताया गया है ।इस माह में बड़े से छोटे बच्चे तक रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे है। वही स्थानीय गुर्जर बोर्डिग निवासी इरम खान पिता असलम खान ने भी 6 वर्ष की आयु में अपना पहला रोजा रख सारा दिन अल्लाह की इबादत में गुजारा। अपना पहला रोजा पूरा करने पर दादा हाजी शब्बीर सहित परिवार के लोगों ने खुशी जाहिर की।



### आज मनाया जाएगा विश्व श्रवण दिवस

**हरदा, देशबन्धु।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर सोमवार को जन जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एच पी सिंह ने बताया कि विश्व श्रवण दिवस पर जिला चिकित्सालय हरदा में मरीजों की सुनाई देने संबंधी समस्याओं की जांच परीक्षण व उपचार भी किया जाएगा ।इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश सतीजा द्वारा कान व श्रवण संबंधी जानकारी भी दी जाएगी ।

### फोटोग्राफर आशीष देशमुख की स्मृति में रक्तदान शिविर 4 को

**बैतूल, देशबन्धु।** मीडिया फोटोग्राफर आशीष देशमुख के आकस्मिक निधन के बाद उनकी स्मृति में 4 मार्च, मंगलवार को उनकी तेरहवीं (श्रद्धांजलि सभा) में देशमुख परिवार एवं बैतूल टॉक्स टीम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 4 मार्च को सुबह 10.30 बजे कर्मा मंदिर के पास, कालापाठा काली चट्टान बैतूल में आयोजित होगा। आयोजन के लिए जिला चिकित्सालय की टीम से सहयोग की अपेक्षा की गई है। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने के लिए देशमुख परिवार और बैतूल टॉक्स टीम ने समाजसेवियों, रक्तदाताओं और प्रशासन से सहयोग की अपील की है। मानवता की सेवा में आशीष देशमुख की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए रक्तदान महादान की इस पहल में अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने का आग्रह किया गया है।



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कृषि उद्योग विकास निगम की संचालक स्मारिका सिम्मी पटेल गुर्जर ने कृषि उद्योग विकास निगम की माखन नगर की शाखा का किया निरीक्षण शाखा मे कृषि उद्योग विकास निगम को लेकर वार्षिक बजट से शाखा मे किए कार्य की कृषि अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की

# परीक्षाफल सुधारने के लिए अवकाश के दिनों में भी लगाई जा रही है अतिरिक्त कक्षाएं

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जिले के हाई स्कूल एवं हाई सेकेंडरी विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं संचालित हो रही है बोर्ड परीक्षा में परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए अवकाश के दिनों में भी अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रही हैं। जिससे कि बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके, यह निर्णय चमक अभियान के अंतर्गत लिया गया है जिसमें संस्था के शिक्षकों द्वारा परीक्षा अवकाश के दौरान भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया है। इसी के तहत सिवनी मालवा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा में भी रविवार अवकाश के बावजूद भी कक्षा दसवीं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन श्रीमती सुनीता राजपूत द्वारा कराया गया। अतिरिक्त कक्षा में 15 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम एसपीएस बिसेन ने अतिरिक्त कक्षा संचालन का आकस्मिक निरीक्षण किया, डीईओ



द्वारा छात्र-छात्राओं की कॉपियां भी देखी तथा कठिन विषयों पर भी छात्र-छात्राओं से चर्चा की। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि परीक्षा के समय तनाव में बिल्कुल भी नहीं रहना है। खान-पान पर विशेष ध्यान रखें तथा निर्भीक होकर परीक्षा देवें, निरीक्षण के समय संस्था प्राचार्य राममोहन रघुवंशी, राजेश कुमार देवडिया, शिव शंकर चौधरी, अखिलेश यादव, वीरेंद्र यादव, मधु हुरमाडे, हरि परेवा, श्रीमती कविता रघुवंशी, शिवम ठाकुर, शैलेंद्र रामटेके, अर्पित मिश्रा उपस्थित थे।

# सेठानी घाट पर हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आयुष विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से नर्मदापुरम में विभिन्न योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष विभाग, नर्मदापुरम द्वारा शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय के तत्वावधान में योग प्रशिक्षक एवं योग सहायकों के मार्गदर्शन में नियमित योग सत्र संचालित किए जा रहे हैं। प्रति सोमवार प्रात:काल नेहरू पार्क में तथा प्रत्येक माह की अमावस्या एवं पूर्णिमा तिथि को सेठानी घाट में विशेष योगाभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में, गत दिवस अमावस्या के अवसर पर सेठानी घाट में योगाभ्यास कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष के अंतर्गत योगाभ्यास आयोजित कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियाँ की जा रही हैं, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक योग का लाभ पहुँचे। इन आयोजनों का उद्देश्य जनसामान्य को योग के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है।

# प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के तहत संचालित जन औषधि केंद्र, नर्मदापुरम द्वारा 7वें जन औषधि दिवस के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 जे तक जिला चिकित्सालय के एनसीडी कक्ष में आयोजित हुआ। शिविर में लगभग 40 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 3 नेत्र रोगी, 4 अस्थि एवं जोड़ो के दर्द से पीड़ित मरीजों सहित अधिकांश लोगों का बीपी एवं शुगर की जांच कर उपचार किया गया। इस अवसर पर डॉ. सौरभ जैन (मेडिकल ऑफिसर), डॉ. अनिल बडुके (अस्थि रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. ऋचा गौर (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान जिला औषधि निरीक्षक जॉन प्रवीण कुजूर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के अंतर्गत जिला स्तर पर जन औषधि केंद्रों की स्थापना की गई है। यह केंद्र रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा फाग उत्सव 16 मार्च को

**हरदा, देशबन्धु।** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा फाग उत्सव 16 मार्च को मनाया जाएगा ।संगठन की बैठक रविवार शाम को रेवा गार्डन में हुई ।बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने की ।महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि 16 मार्च को वृंदावन के कलाकारों द्वारा बृज की होली,सांस्कृतिक कार्यक्रम,फाग गीत आयोजित



होंगे ।उन्होंने बताया कि बैठक में एक तिथि एक त्यौहार विषय सहित परशुराम जन्मोत्सव पर चर्चा हुई ।इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित ने बताया कि एक तिथि एक त्यौहार विषय पर आगामी 9 मार्च को सर्व ब्राह्मण समाज,जिला ज्योतिष परिषद,सर्व संत एवं पुजारी ब्राह्मण महासंघ के साथ बैठक आयोजित कर सर्व सम्मति से चर्चा होगी ।बैठक में चंद्रकांत शुक्ला,नेकराम शर्मा,शंकरलाल शर्मा,प्रदीप पटेल,नितेश बादर,रोहित तिवारी,महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु,युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर, नवीन शर्मा, सुदीप मंडलोई ने अपने विचार व्यक्त किए ।बैठक का संचालन लोकेश शर्मा ने किया ।आभार संदीप स्वामी ने व्यक्त किया ।इस दौरान फाग उत्सव प्रभारी सुधीर शर्मा एवं विवेक बादर को बनाया गया ।इस दौरान नेशनल हैंडबॉल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रतीक शर्मा को सम्मानित किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में महिला पुरुष,युवा उपस्थित रहे।

# खंडवा इकाई की नर्मदापुरम बैठक आयोजित

**आमला, देशबन्धु।** बैंक ऑफ़ इंडिया एम्पलाई यूनियन की खंडवा इकाई के नर्मदापुरम जिले के बैंक कर्मीयों की मीटिंग आज आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य सभी साथियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान बताना था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फेडरेशन के वरिष्ठ नेता प्रमोद चतुर्वेदी ने की। श्री चतुर्वेदी जी ने बताया कि हमारा सर्वोत्तम लक्ष्य ग्राहक सेवा तथा ग्राहक संतुष्टि है, क्योंकि सरकारी बैंकों की शाखाओ में स्टाफ की कमी है और प्रति कर्मचारी ग्राहक की संख्या बहुत अधिक है, जिस कारण उन पर काम का अत्यधिक दबाव है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को संयम से काम लेना चाहिए और ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा देने का प्रयास करना चाहिए और साथ ही वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के साथ बहुत ही संयम से व्यवहार करना चाहिए। मीटिंग में 24 एवं 25 मार्च को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने हड़ताल का आव्हान किया है, उसके कारणों की भी जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ इंडिया एम्पलाई यूनियन के नर्मदापुरम जिले एवं आसपास की 11 शाखाओं से लगभग सभी साथियों ने भाग लिया। इसके अलावा संगठन के वरिष्ठ साथी खंडवा से सचिव कृष्णा बछानिया, मुकेश पाराशर, हरदा से निलेश भाटी और बैतूल से मनोज वाधवा भी आए। मीटिंग का संचालन बैतूल के साथी मनोज वाधवा जो कि खंडवा इकाई के उपाध्यक्ष है ने किया।



# बैतूल के पत्रकार राकेश सिंह का मंदसौर में सम्मान



**बैतूल, देशबन्धु।** मंदसौर में संघर्ष से सिद्धि समाचार पत्र एवं न्यू काश्तकार वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक सम्मान एवं पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश सेवा के प्रति समर्पित सैनिकों, जागरूक पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघर्ष से सिद्धि के प्रधान संपादक धवन माहेश्वरी और न्यू काश्तकार वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शाहिद अजमेरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पत्रकारिता, धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। दैनिक संघर्ष से सिद्धि के बैतूल जिला ब्यूरो चीफ व प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के बैतूल जिला अध्यक्ष राकेश सिंह को प्रशंसा पत्र एवं सील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा किये गए विशिष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान दिया गया, जिससे समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिला है।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उदासीनता बरतने पर 12 पटवारियों को नोटिस

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैतूल सबडिवीजन अंतर्गत राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा। उन्होंने नामांतरण बटवाराए सीमांकनए फार्मर रजिस्ट्रीए ईकेवाईसीए वसूली इत्यादि राजस्व प्रकरणों में पटवारियों की प्रगति की जानकारी। उन्होंने कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने और संतोष जनक प्रगति न पाए जाने पर 12 पटवारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पटवारियों को कार्य के अनुपात में संतोषजनक प्रगति न होने पर वेतन वृद्धि रोकने अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के नोटिस जारी करने के लिए एसडीएम बैतूल को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी पटवारियों को निर्देशित किया कि वे अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाएं। उन्होंने आधार ईकेवाईसी के शेष लक्ष्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देशित किया कि नामांतरण बंटवारा सीमांकन के प्रकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर निराकरण कराएं।6 माह से अधिक कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित ना रहें। उन्होंने तहसीलदार और एसडीएम को भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम बैतूल तहसीलदार बैतूल सहित सबडिवीजन बैतूल के समस्त पटवारी उपस्थित रहें।

# एलएनसीटी में फैकल्टी ओलंपियाड 2025 का भव्य शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** एलएनसीटी ग्रुप द्वारा आज से प्रत्येक कैम्पस में अपनी फैकल्टी के लिए खेलो का आयोजन किया जा रहा है आज एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में इसका विधिवत शुभारंभ एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे द्वारा पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। एलएनसीटी ग्रुप द्वारा फैकल्टी को खेलो से जोड़ने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न खेलों में सभी विभागो के 800 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

जिसमें क्रिकेट, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, रस्साकशी, म्यूजिक चैयर रैस इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आज खेले गए क्रिकेट पुरुष वर्ग के पहले मैच में इंजीनियरिंग मैकेनिकल की टीम ने एलएनसीटीई सीएसई कों 27 रनो से हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंजीनियरिंग मैकेनिकल की टीम ने 8 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 92 रन बनाएं जिसमें के के ठाकुर ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। जवाब मे एलएनसीटीई सीएसई की टीम निर्धारित ओवरो मे केवल 68 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में इंजीनियरिंग फिजिक्स ने फार्मेसी को 69 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फिजिक्स डिपार्टमेंट की टीम ने फूल सिंह 51 एवं सुरेंद्र 29 रनो की बदौलत आठ ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 116 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में फार्मेसी की टीम निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर मात्र 43 रन ही बना पाई।



तीसरे मैच में ईसी ने सीएसई को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सीएसई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 58 रनो का स्कोर खड़ा किया। जवाब मे ईसी ने 6 ओवरों में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। शतरंज में डॉक्टर अर्चना फार्मेसी ने काजल सैनी सीएसई को निकेतन कुमार मिश्रा ईसी ने मोहम्मद वकार को, डॉ भावना लिखितकर एमबीए ने संध्या अवस्थी को, डॉक्टर सौरभ भट्टाचार्य ने अनिल शक्या को, प्रियंक नेमा ने राजेंद्र प्रजापति को, मोनीष पटेल ने योगेश वर्मा को हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया। कैरम मे डॉ शिवानी परसाई फिजिक्स ने नेहा गौर एमसीए को, अंबिका भालेकर ने विवेक को, जाहिर आलम ने लिलेश को, पवन चौरसिया ने गौरव को, तोषपाल टीएनपी ने आशीष कुमार को हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया। टेबल टेनिस मे डॉ सोहेब मुनीर ईसी ने डॉ विजय यादव को 11-4, 11-2 से, डॉ जैद अहमद ने सौरभ पांडे को 11-1, 11-7 से, टीना परमार ने रिचा वर्मा को 11-4, 11-5 से, जमाल अहमद ने डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को 11-9, 11-8 से, शिवम चतुर्वेदी ने शुभम कुमार को 11-01, 11-04 से, डॉक्टर आशीष कुमार ने डॉक्टर विवेक रिछारिया को 11-05, 11-09 से हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया।

नर्मदापुरम, सोमवार 3 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जेलेंस्की-ट्रम्प विवाद से नये समीकरण

रूस के साथ पिछले तीन साल से जंग कर रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की तथा दुनिया के सबसे शक्तिशाली कहे जाने वाले देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच तीखी बहस ने दुनिया को हैरत में डाल दिया है। इसके कारण नये वैश्विक समीकरण बनते दिख रहे हैं। शुक्रवार की शाम को जेलेंस्की की ट्रम्प के साथ उनके ओवल कार्यालय में बैठक हुई थी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी साथ थे। बातचीत ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया जिसके कारण ट्रम्प के भोज को ठुकराकर जेलेंस्की अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ वहां से निकल गये। अमेरिका से जेलेंस्की यूनाइटेड किंगडम की राजधानी लंदन पहुंचे जहां उन्हें पूरे यूरोपीय देशों का समर्थन मिल गया। हालांकि उन्होंने बातचीत के लिये ट्रम्प का धन्यवाद किया है तथा ट्रम्प ने भी उनके अमेरिका छोड़ने के पहले ट्वीट किया है कि जब वे शांति की सोचें तो दोबारा आ सकते हैं। यह बहस तथा कौन सही है व कौन गलत, इसका विवाद एक ओर रख दें तो भी सारा विश्व हास्य कलाकार की भूमिका से राजनीति में आकर राष्ट्रपति बने जेलेंस्की की इस बात की प्रशंसा कर रहा है कि उन्होंने बगैर दबे जमकर बहस की तथा देश की सम्प्रभुता की दमदारी से रक्षा की।

दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश रूस के साथ लम्बे समय से युद्धरत छोटे से देश यूक्रेन के संसाधन तेजी से चूक रहे हैं। देश का एक बड़ा हिस्सा रूसी बमबारी से तबाह हो चुका है। दुनिया भी अब शांति विराम चाहती है। वैसे खुद यूक्रेन के लिये स्वतंत्र अस्तित्व बनाये रखने हेतु यह ज़रूरी हो गया है क्योंकि इसे वापस रूस द्वारा अपने में शामिल कराये जाने का खतरा उसके सिर पर मंडरा रहा है। दूसरी बार जीतकर आने के बाद अब ट्रम्प की रुचि अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों में कम और व्यवसाय में ज्यादा है। यूरोप भी चाहता है कि युद्धविराम हो। इस सिलसिले में जेलेंस्की गये तो थे ट्रम्प को मनाने लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन पर आरोप लगाया कि वे विश्व को तीसरे महायुद्ध की ओर ले जा रहे हैं तथा एक तरह से एहसान जतलाया कि अमेरिका ने उन्हें 350 बिलियन डॉलर दिये हैं। उन्होंने यह भी ध्यान दिलाया कि अमेरिका यदि हथियारों की मदद नहीं करता तो यूक्रेन के लिये लड़ाई में दो हफ्ते भी टिकना मुश्किल था। इसकी ईमानदार स्वीकारोक्ति जेलेंस्की ने की लेकिन वे अपनी शर्तों पर अड़े रहे। जेलेंस्की को इस बात की भनक थी कि ट्रम्प स्थिति का फायदा उठाकर उनके देश के खनिज भंडारों से सम्बन्धित समझौता कराने के लिये दबाव डाल सकते हैं। वैसा हुआ भी। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुई बातचीत के आखिरी 10 मिनटों में सब कुछ बदल गया जब ट्रम्प ने उनसे कहा कि वे युद्ध रोक दें। पूरी कूटनीतिक सतर्कता बरतते हुए जेलेंस्की ने कहा कि जब तक यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका नहीं लेता, वे ऐसा नहीं करेंगे।

आगे यूक्रेन-अमेरिका सम्बन्ध क्या मोड़ लेते हैं, यह तो अगले कुछ दिनों में साफ हो पायेगा, परन्तु आम तौर पर अमेरिका के पीछे चलने वाले सभी 27 यूरोपीय देशों ने एकता दिखाते हुए जेलेंस्की को अपना समर्थन दे दिया। इसे लेकर जल्दी ही उनकी एक बैठक होने जा रही है। आस्ट्रेलिया और कनाडा भी यूक्रेन के पक्ष में खड़े हैं। मदद किस स्वरूप में रहेगी, कितने हथियार और धन की सहायता मिलेगी यह कुछ दिनों में सामने आयेगा परन्तु यह यूक्रेन को बड़ा सम्बल प्रदान करेगी। दूसरी ओर इस मामले में रूस की जीत बतलाई जा रही है लेकिन उससे इसलिये बहुत फायदा नहीं होने जा रहा है क्योंकि यूक्रेन तो उससे पहले से ही युद्ध कर रहा है और जितना नुकसान रूस कर सकता था वह कर चुका है। अलबत्ता, यूक्रेन ने यूरोपीय देशों से अमेरिका को अलग करने में सफलता पा ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 2.84 अरब डॉलर का ऋण रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिये दे दिया। जेलेंस्की ने कहा कि इस राशि का उपयोग हथियार बनाने के लिये किया जायेगा।

ट्रम्प द्वारा यूक्रेन पर युद्धविराम के लिये दबाव डालना यूरोपीय देशों के अलावा कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि को नागवार तो गुजरा है, अमेरिका द्वारा रूस का एक तरह से अप्रत्यक्ष समर्थन उन्हें बिलकुल ही हजम नहीं हो सकता क्योंकि ज्यादातर देश पूंजीवादी व्यवस्था के समर्थक हैं जबकि रूस अब भी अलग खेमा माना जाता है, बावजूद इसके कि उसके अपने साम्यवादी विचारों में काफी लचीलापन आ चुका है और सोवियत संघ का विघटन हुए तीन दशकों से अधिक का वक्त गुजर चुका है। उसके पास अब केवल कम्युनिस्ट विचारधारा का इतिहास है और शासन प्रणाली। तो भी दुनिया, खासकर यूरोपीय संघ (ईयू), नाटो जैसे संगठन अमेरिका तथा रूस में यह नज़दीकी देखने की आदी नहीं है। न उसे वह रुचिकर लगेगा। सम्भवत: यही कारण है कि जेलेंस्की-ट्रम्प वार्ता के नाकाम होने के कुछ ही घंटों के भीतर यूक्रेन के साथ इतने देश खड़े हो गये। अपने शपथ ग्रहण समारोह में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को आमंत्रित कर ट्रम्प ने पहले ही संकेत दे दिये थे कि वे विचारधारा की बजाये व्यवसाय को तरज़ीह देंगे।

भारत के सन्दर्भ में कहें तो लोग जेलेंस्की की तुलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कर रहे हैं जिन्होंने पिछले दिनों ट्रम्प से मुलाकात की थी और पेश किये गये दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दिये थे। कई शर्तें भारत के हितों के खिलाफ हैं- खासकर कबाड़ हो चुके एफ-35 लड़ाकू जहाज तथा महंगी दरों पर प्राकृतिक गैस व तेल की अमेरिका से खरीदी। जेलेंस्की को 'मसखरा' कहें या 'कॉमेडियन' लेकिन उन्होंने महाशक्ति के आगे घुटने न टेककर यूक्रेन के सम्मान की रक्षा की। दूसरी ओर कथित 'विश्वगुरु' ने खामोशी से उसकी सारी शर्तें मान लीं।

# इंदिरा जैसी हिम्मत नहीं दिखा पाए मोदी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बेहद खतरनाक शुरूआत कर दी। पुराने राष्ट्रपति (सरकार) के फैसलों को हम क्यों मानें?

ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ हुई बातचीत, जो दुनिया भर में वायरल हुई और आखिरी दौर में बातचीत कम हम भारतीयों के हिसाब से सास-बहू के झगड़े की तरह थी, में कहा कि हमारे एक मूर्ख राष्ट्रपति ( जो बाइडन) ने आपको रूस से लड़ने के लिए 350 अरब डालर दे दिए। संभवत: यह पहली बार है जब अन्तरराष्ट्रीय मामलों में इस तरह कैमरों के सामने कटु विवाद हो और एक बड़े देश का राष्ट्रपति अपने पूर्व राष्ट्रपति को मूर्ख कहे उसके अन्तरराष्ट्रीय फैसलों को मानने से इनकार करे।

बाबा भारती की कहानी याद आती है कि फिर कौन यकीन करेगा? सुदर्शन की मशहूर कहानी 'हार की जीत' में बाबा भारती कहते हैं कि अगर इस तरह धोखे हुए तो फिर कौन बात का यकीन करेगा?

हालांकि अपने पूर्ववर्तियों को कुछ नहीं बताने का सिलसिला हमारे वाले पहले ही शुरू कर चुके हैं। ट्रंप ने तो अपने पूर्ववर्ती के लिए जो कुछ कहा अपने देश में ही कहा हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी इससे बहुत बड़ी बात विदेश में कह आए थे कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात थी।

प्रधानमंत्री बनते ही 2015 में दक्षिण कोरिया में मोदी जी ने यह कहा था। और उसके बाद तो उनके भक्तों ने यह बताना शुरू कर दिया था कि भारत आजाद ही 2014 में हुआ। यह कहने वाली फिल्म एक्ट्रेस कंगना रनौत को फिर ईनाम के तौर बीजेपी का लोकसभा टिकट दे दिया गया। और वे सांसद बन गईं। प्रसंग आया है तो यह और बता दें कि सांसद बनने के बाद अभी उन्हें कोर्ट में प्रसिद्ध लेखक जावेद अख्तर से माफी मांगनी पड़ी। हालांकि यह शीर्षक किसी अख़बार या टीवी चैनल में नहीं दिखा कि भाजपा सांसद कंगना रनौत ने माफी मांगी! खबर को दबा कर दिया गया कि मामला निपटा। और अगर किसी कांग्रेस के या विपक्ष के किसी सांसद ने माफी मांगी होती तो यह गोदी मीडिया किस तरह खुश होकर शोर मचाता?

खैर 2014 में भारत आजाद हुआ कहने वाली कंगना को सांसदी का पुरस्कार मिल गया अब उनके बाद दूसरे जिसने कहा कि 1947 की आजादी दरअसल 99 साल के पट्टे पर मिली थी उसे मिलना शेष है। यह बात संघ और भाजपा अपने लोगों को आपसी बातचीत में बताते रहते हैं। मगर इसे सार्वजनिक रूप से जिसने कहा उसे अभी पुरस्कार नहीं मिला है। मिलेगा! शायद तय हो रहा है कि कितना बड़ा पुरस्कार देना है।

तो ट्रंप ने दुनिया को यह मैसेज दे दिया कि उनके शासनकाल में किसी भी देश से जो भी एग्रीमेंट होगा, अन्तरराष्ट्रीय संधि होगी वह केवल तब तक ही लागू रहेगी जब तक वे कुर्सी पर हैं। बाद वाला उसे इसी तरह करने वाले को मूर्ख कहकर नकार सकता है जैसा मैं यूक्रेन के मामले में कर रहा हूं।



शकील अख्तर

> हम यह बात पहले से जानते थे। नेहरू का नान अलायंस मूवमेंट ( गुट निरपेक्ष आंदोलन ) आज सबको याद आ रहा होगा। नेहरू न रूस के साथ न अमेरिका के। मगर उनके साथ दुनिया के 120 देश। ट्रंप इसी बातचीत में जेलेंस्की से कह रहे हैं कि तुम दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ धकेलना चाहते हो। उस समय जब अमेरिका और रूस में भयानक शीत युद्ध चल रहा था।

यूक्रेन को रूस से लड़ाया किसने? अमेरिका ने! और आज उसके राष्ट्रपति ट्रंप कह रहे हैं समझौता कर लो। वह तो यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की सुन ही नहीं रहे कि उससे शांति होगी। हमारे ऊपर बाद में हमला न होने की गारंटी होगी। क्या होगा? कुछ नहीं। हमने कहा मान लो। डिप्लोमेसी का सबसे बड़ा मैसेज। कि यहां कोई किसी पर विश्वास नहीं करे।

अपने स्वार्थ, नए बन रहे संबंध, दूसरे की कम हो रही उपयोगिता इन सब आधारों पर कोई भी किसी को छोड़ सकता है। और एकदम मंझधार में! जैसा यूक्रेन को छोड़ा। कहीं का नहीं रहा वह। रूस अब अपनी शर्तों पर समझौता करेगा।

सबसे ज्यादा झंडा उसी का बुलंद रहा। अमेरिका ने माना कि तुम दो हफ्ते नहीं लड़ सकते थे उससे। जिस अमेरिका की दम पर वह रूस को सबक सिखाने की बात कर रहा था उसी अमेरिका ने अब उसे सबक सिखा दिया कि कोई किसी का नहीं होता।

हम यह बात पहले से जानते थे। नेहरू का नान अलायंस मूवमेंट (गुट निरपेक्ष आंदोलन) आज सबको याद आ रहा होगा। नेहरू न रूस के साथ न अमेरिका के। मगर उनके साथ दुनिया के 120 देश। ट्रंप इसी बातचीत में जेलेंस्की से कह रहे हैं कि तुम दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ धकेलना चाहते हो। उस समय जब अमेरिका और रूस में भयानक शीत युद्ध चल रहा था तो यह 120 गुटनिरपेक्ष देशों का संगठन ही था जिसने दोनों महाशक्तियों को रोक कर रखा था। आज हम खुद ही खुद को विश्व गुरु कहने लगे। और हमारे प्रधानमंत्री को ही सामने बिठाकर ट्रंप ने ऐसे ही खूब खरी खोटी सुनाई थी। वायलेटर कहा था। टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी थी। ब्रिक्स जिसका भारत सदस्य है उसे खत्म करने की बात कही। यानी जो मुंह में आया कहा। और हमारे प्रधानमंत्री मुस्कराते हुए सब चुपचाप सुन रहे थे। फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने हाथ पकड़ कर ट्रंप को रोक दिया। और अपने देश का यूरोप का पक्ष रखा। ऐसे ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने तो यहां तक कह दिया कि यह युद्ध आपकी धरती पर भी आ सकता है। सबने तुर्की ब तुर्की जवाब दिए।

यहां हमारे वाले तो केवल अपनी तीखी जबान का उपयोग नेहरू-इन्दिरा को कोसने के लिए करते हैं। पता नहीं उन्हें कोई बताने वाला है या नहीं। हमारी विदेश सेवा में तो एक से एक काबिल अफसर हैं, खुद विदेश मंत्री एस जयशंकर रहे हैं आईएफएस। विदेश सेवा में सबसे उच्च पद विदेश सचिव तक रहे। उन्हें तो मालूम होगा कि 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन से इसी व्हाइट हाउस में इन्दिरा गांधी ने कितने तीखे अंदाज में बात की थी। अमेरिका की विदेश नीति के बारे में सवाल पूछे थे। वे इसके कुछ साल बाद ही जब विदेश सेवा में आए तो उस समय इन्दिरा गांधी की अन्तरराष्ट्रीय राजनीति में दृढ़ता और भारतीय हित सर्वोपरि रखने की बात साउथ ब्लाक ( विदेश मंत्रालय) में सब जगह एक गर्व के साथ कही जाती थी। प्रसिद्ध लेखिका कैथरीन फ्रैंक ने लिखा है कि भारत की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने इस अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन से बात की थी जैसे एक प्रोफेसर अपने किसी पढ़ाई में दिल नहीं लगाने वाले स्टूडेंट से करता है। इन्दिरा गांधी की दृढ़ता ने तो अमेरिका के सातवें बेड़े को वापस लौटा दिया था। जो पाकिस्तान की मदद करने के लिए आ रहा था। और यहां मोदी के जाने के बाद दो और अमेरिकी सेना के जहाजों में भारतीयों को हथकड़ी-बेड़ियों के साथ लाया गया। उनके जाने से पहले एक जहाज आ चुका था। हथकड़ी-बेड़ियों से बंधे भारतीयों को लेकर। लेकिन मोदी के अमेरिका जाने से लगा कि वे इस बारे में ट्रंप से विरोध करेंगे। जैसा कि संसद में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था।

मगर उनके जाने के बाद अमेरिका ने दो जहाजों में और ऐसे ही बांधकर भारतीयों को भेजा। ट्रंप से नहीं कह पाए। इसीलिए लोग इन्दिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि अगर वे होतीं तो जैसा निक्सन का हाल किया था वैसा ट्रंप का कर देतीं। इन्हीं की पार्टी के वाजपेयीजी ने ही तो कहा था वे दुर्गा थीं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# विपक्षी इंडिया गठबंधन देश के लोगों को कैसे निराश कर रहा है?

■ **नित्य चक्रवर्ती**

लोकतांत्रिक अधिकार कार्यकर्ता जगदीप एस. छोकर ने समाचार पोर्टल द वायर में अपने हालिया लेख में दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद वर्तमान चरण में भारतीय राजनीति की स्थिति पर अपने चार निष्कर्षों का उल्लेख किया है। उनके चार निष्कर्ष हैं-पहला, भाजपा भारत में विपक्ष-मुक्त राजनीतिक परिदृश्य को लगभग प्राप्त कर रही है; दूसरा, ऐसा लगता है कि यह विपक्षी दलों को खत्म करके और संस्थागत कब्जे से हासिल किया गया है; तीसरा, विपक्षी दलों ने देश और उसके लोगों को निराश किया है; और चौथा, भारत के लोगों ने देश को निराश किया है।

हालांकि, श्री छोकर के निष्कर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के शासन के विश्लेषण पर आधारित है, लेकिन वे अपने अंतिम निष्कर्ष बिंदु पर सही नहीं थे कि भारत के लोगों ने भाजपा को सत्तारूढ़ पार्टी के रूप में चुनकर देश को विफल कर दिया है। उनका बिंदु बी आर अंबेडकर और राजेंद्र प्रसाद की टिप्पणियों पर आधारित था, जिन्होंने संविधान के लिए काम करने वाले लोगों को चुनने वाले लोगों के महत्व को रेखांकित किया था। चूंकि भारत के मतदाताओं ने उस पार्टी को शासन करने के लिए चुना है जो संविधान को कमजोर कर रही है, इसलिए उन्होंने देश को विफल कर दिया है। श्री छोकर 2025 में भारतीय राजनीति का आकलन करने में बहुत अधिक निराशावाद दिखा रहे हैं।

> इंडिया ब्लॉक से लोकसभा चुनाव और उसके बाद के राज्य विधानसभा चुनाव परिणामों से उचित सबक लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसके बजाय, इंडिया ब्लॉक के घटक उन राज्यों में सार्वजनिक रूप से झगड़े में लगे रहे, जहां लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद उनका प्रदर्शन खराब रहा।

वास्तव में भारत के लोगों ने देश को विफल नहीं किया है। वे अभी भी सतर्क और चुस्त हैं, लेकिन विफलता ज्यादातर विपक्षी इंडिया ब्लॉक के सही एजेंडे और संगठनात्मक क्षमता के साथ लोगों तक पहुंचने में असमर्थता के कारण है। भारतीय जनता ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत न देकर और भाजपा और संघ परिवार के चौतरफा प्रचार और भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में केंद्र की स्वायत्त संस्थाओं के पूर्ण दुरूपयोग के बावजूद उसकी लोकसभा सीटों की संख्या को पहले के 303 से घटाकर 240 पर लाकर अपने सतर्क रवैये का परिचय दिया है। यह देश के जीवंत लोकतंत्र और सतर्क मतदाताओं का प्रदर्शन था।

दिल्ली विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को हराकर भाजपा की जीत निश्चित रूप से विपक्षी इंडिया ब्लॉक के लिए एक झटका है, लेकिन इसका मतलब आप का अंत या इंडिया ब्लॉक के लिए अंतिम तिनका नहीं है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया और टीवी चैनलों के कुछ टिप्पणीकार पेश कर रहे हैं। जिन लोगों ने दिल्ली के मतदाताओं के मूड का अध्ययन किया है, वे जानते हैं कि 2025 के चुनावों में, भाजपा को हराकर सत्ता बरकरार रखना आप के लिए बहुत कठिन होगा, क्योंकि दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी के दो कार्यकाल पूरे होने के बाद सत्ता विरोधी लहर थी। अंतिम निर्णायक बात यह रही कि मतदान से चार दिन पहले 1 फरवरी को घोषित 2025-26 के केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी छूट दी गयी और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की गयी।

इंडिया ब्लॉक की दोनों पार्टियों आप और कांग्रेस के वोटों को मिलाकर आप-कांग्रेस गठबंधन को लगभग 50 प्रतिशत वोट मिले और सीटों के मामले में, अगर गठबंधन होता तो इंडिया ब्लॉक के खाते में 14 और सीटें आतीं। इसका मतलब है कि अगर आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन होता तो इंडिया ब्लॉक कुल 70 सीटों में से 36 सीटें जीतकर मामूली जीत हासिल कर सकता था।

इसके अलावा, आप ने दलितों, गरीबों और मुसलमानों के अपने आधार को बरकरार रखा, जैसा कि निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान पैटर्न के विश्लेषण से पता चलता है। यह फैसला मतदान के दिन आप से भाजपा की ओर बड़े पैमाने पर मध्यम वर्ग के झुकाव का नतीजा था, जबकि गरीब कमोबेश आप और कांग्रेस के साथ खड़े थे। इसलिए, इस विचार से घबराने की कोई बात नहीं है कि भाजपा का रथ अजेय बनकर उभरा है।

इंडिया ब्लॉक से लोकसभा चुनाव और उसके बाद के राज्य विधानसभा चुनाव परिणामों से उचित सबक लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसके बजाय, इंडिया ब्लॉक के घटक उन राज्यों में सार्वजनिक रूप से झगड़े में लगे रहे, जहां लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद उनका प्रदर्शन खराब रहा। महाराष्ट्र में, अभी भी इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच मतभेद जारी हैं। एनडीए की चुनौती का सामना करने के लिए मजबूत नेतृत्व के तहत इंडिया ब्लॉक को एकजुट करने और मतभेदों को दूर करने का गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता थी।

भाजपा का अगला फोकस बिहार है, जहां साल के अंत तक राज्य विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भागलपुर का दौरा किया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में पूरे जोर-शोर से चुनाव अभियान की शुरुआत की। भाजपा और आरएसएस दोनों ही पूरी तरह से तैयारी कर रहे हैं ताकि समय से पहले चुनाव की चुनौती का सामना करने की तैयारी पूरी की जा सके।

इंडिया ब्लॉक के मोर्चे पर क्या स्थिति है? पिछले साल 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए करीब नौ महीने हो चुके हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है। अब कोई नहीं जानता कि यह ब्लॉक की तरह काम कर भी रहा है या नहीं। इंडिया ब्लॉक के नेता के तौर पर कांग्रेस को 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा के नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद बैठक बुलानी थी, लेकिन पार्टी अब तक इस मुद्दे पर चुप है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव जैसे अन्य नेताओं ने नये नेता के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के तत्काल कायाकल्प की मांग की है, लेकिन कांग्रेस इस पर चुप है, हालांकि पार्टी यह आभास देती है कि 99 सीटों के साथ लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के कारण उसे विपक्ष का नेता बने रहने का अधिकार है।

लेकिन फिर दो ही स्थितियां हो सकती हैं – या तो कांग्रेस सक्रिय घटक के रूप में नेतृत्व करेगी या फिर शीर्ष पर अन्य वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी के साथ इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व का पुनर्गठन किया जायेगा। पिछले कुछ महीनों में इंडिया ब्लॉक ने बहुत समय बर्बाद किया है। बिहार को इंडिया ब्लॉक का पूरा ध्यान आकर्षित करना है और यह सुनिश्चित करने के लिए, कांग्रेस, आरजेडी और वाम दलों के शीर्ष स्तर पर तत्काल घनिष्ठ समन्वय जरूरी है। अगर एनडीए बिहार विधानसभा चुनाव जीतता है, तो भाजपा को असम और बंगाल में 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों के लिए बड़ी गति मिलेगी। भाजपा के लिए, 'अंग बंग कलिंग' जीतना पवित्र मिशन है। ओडिशा पहले से ही इसके साथ है और बिहार भी जेडी(यू) के सहयोग से अब भाजपा के पाले में है। पार्टी आरएसएस की पूरी मदद से असम और बंगाल में अपनी स्थिति में काफी सुधार करना चाहती है।

इंडिया ब्लॉक को अपनी लंबी नींद से तुरंत जागना होगा और कार्रवाई में कूदना होगा।

## आपके पत्र

### महिलाओं के लिए रोज़गार का माध्यम है बाजार

राजस्थान का अजमेर पर्यटन और तीर्थ नगरी होने के कारण बहुत लोगों के लिए रोज़गार प्राप्त करने का एक अहम जरिया भी है। यहां के सभी बाज़ारों में सालों भर देसी और विदेशी पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों और आम लोगों की आवाजाही लगी रहती है जिससे बड़े स्तर के व्यापारियों से लेकर छोटे स्तर तक रोज़गार करने वाले लोगों को आर्थिक रूप से लाभ होता है। इन बाजारों में महिलाएं भी छोटे स्तर पर अपना रोजगार चलाती हैं इन्हीं में एक 'नया बाजार' भी है। करीब 60 साल पुराने इस बाजार में पिछले दो सालों से पिंकी अपने चाय की एक छोटी स्टॉल लगाती है जिससे होने वाली आमदनी से उसके परिवार का भरण-पोषण होता है। इस बाजार की सभी दुकानें पुरुष चलाते हैं। ऐसे में एक महिला के रूप में उन्हें अपनी दुकान चलाने के लिए किसी प्रकार की चुनौती का सामना नहीं होता है। पिंकी इससे पहले एक ज्वेलरी शॉप में काउंटर असिस्टेंट के रूप काम कर चुकी हैं। वह कहती हैं कि दो साल पहले जब उन्होंने चाय की अपनी दुकान शुरू की थी तो उनके सामने पुरुष सत्तात्मक समाज में जगह बनाने की चुनौती थी। क्योंकि यहां की सभी दुकानें पुरुष ही चलाते हैं और उनमें काम करने वाले अधिकतर कर्मचारी भी पुरुष होते हैं। ऐसे में उनके लिए यह काफी मुश्किल था। शुरू-शुरू में उन्हें लोगों से बात करने में थोड़ी परेशानी होती थी। लेकिन ज्वेलरी शॉप में काम करने के अनुभव का उन्हें काफी लाभ मिला। वह बहुत जल्द इस मार्केट की दिनचर्या और व्यवहार को समझ गई।

पिंकी रोज़ सुबह 8 बजे दुकान पहुंच जाती हैं और साफ़ सफाई के बाद ग्राहकों के लिए चाय बनाना शुरू कर देती हैं। इस काम में उनका बेटा भी मदद करता है जबकि उनकी दोनों बेटियां स्कूल और कॉलेज जाती हैं। वह रात 8 बजे तक इस दुकान को संभालती है। वह कहती हैं कि उन्होंने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई की है। ऐसे में वह शिक्षा के महत्व को पहचानती हैं। हालांकि उनके बेटे को पढ़ाई में दिल नहीं लगता था जिसके बाद वह पढ़ाई छोड़कर मां के कामों में हाथ बंटाने लगा। वे कहती हैं कि सबसे अधिक शाम के समय उनके दुकान पर भीड़ लगती है जब आसपास की दुकानों और ऑफिस से निकले लोग चाय की चुस्की के साथ चर्चा करते हैं। अक्सर यह चर्चा घर और ऑफिस से शुरू होकर देश और दुनिया के मुद्दों पर चलती है। वहीं दोपहर के समय ज़्यादातर अजमेर घूमने आये पर्यटकों की भीड़ जमती है। जब लोग एक पर्यटन स्थल से दूसरे पर्यटन स्थल को देखने जाने के बीच कुछ देर उनकी चाय पीकर अपनी थकान मिटाना चाहते हैं। ऐसे में चाय के साथ उन्हें पर्यटकों का अनुभव भी सुनने को मिलता रहता है। पिंकी कहती हैं कि उन्हें राजनीति की अधिक समझ नहीं है, लेकिन जब शाम में चाय के साथ उनकी दुकान पर देश और दुनिया की राजनीति पर चर्चा होती है तो उन्हें बहुत कुछ जानकारी मिल जाती है। वहीं पर्यटकों द्वारा भी उनकी चाय की दुकान पर बैठ कर चर्चा करने से उन्हें काफी कुछ जानकारियां प्राप्त हो जाती है।

**आशा नारंग, अजमेर राजस्थान**



## ललित सुरजन की कलम से

### अनशन से फायदा किसे

*'आजकल के जो संचार माध्यम हैं उनकी उपयोगिता से कौन इंकार करेगा, लेकिन इसी रविवार को द हिन्दू में सेवंती नाइनन ने एक गंभीर प्रश्न उठाया है कि जो नया सामाजिक मीडिया आया है, क्या वह हमेशा समाज हितैषी ही होगा या उसकी कोई नुकसानदायक भूमिका भी हो सकती है! उन्होंने इंग्लैण्ड के हाल के उपद्रवों का उदाहरण देकर बताया है कि कैसे फेसबुक, ट्विटर आदि का दुरुपयोग किया गया। इसी बात को भारत के संदर्भ में रखकर देखें। ये माध्यम बच्चों के खिलौने नहीं हैं, इनका शौक रखना एक बात है, लेकिन इनके अच्छे और बुरे प्रभावों के बारे में विचार करना भी आवश्यक है।'*

*'यह समझा जाता है कि अरब जगत में खासकर टयूनीशिया और इजिप्त में सत्ता परिवर्तन में इन माध्यमों ने अहम् भूमिका अदा की। ऐसा लगता है कि भारत का मीडिया उस समय से ही उतावला था कि यहां भी वैसा कुछ कर दिया जाए। मैं एक बार फिर मार्शल मैकलुहान की उक्ति याद करता हूं कि 'माध्यम ही संदेश है' (मीडिया इंज द मैसेज)। जैसा कि सब जानते हैं मीडिया अब पत्रकारों के हाथ में नहीं, बल्कि कार्पोरेट घरानों के हाथ में है। विश्व की अर्थव्यवस्था और राजनीति पर नियंत्रण करने के लिए इन महापूंजीपतियों के पास मीडिया के रूप में एक सशक्त अस्त्र आ गया है।'*

**( 19 अगस्त 2011 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/04/

## गुरवाणी विचार

### साथ न चाले बिन भजन बिखिया सगली छारि

गऊड़ी अगले मुऐ सि पाछै परै जो उबरे से बधि लक खरे।
जिह धंधे महि उऐ लपटाये उन ते दुगण उनि माये।
उह बेला कछु चीति न आवै बिनसि जाये ताहू लपटाये।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव जी फरमा रहे हैं कि हमारे पूर्वजों ने अपने जीवन काल में कितने ही प्रपंच कर, छल कपट कर, झूठ बेईमानी का सहारा लेकर धन दौलत कमाई होगी पर इस संसार से विदा होकर वे भी खाली हाथ ही गए साथ में कुछ भी लेकर नहीं गए। बादशाह सिकंदर जो विश्व विजेता कहा गया था वह भी जाते समय खाली हाथ ही गया। उसने तो अपने अहलकारों से यहां तक कह दिया था कि जब मेरा जनाजा निकले तो मेरे दोनों हाथ कफन से बाहर ही रखे ताकि दुनिया देखे कि विश्व विजेता सिकंदर भी अपनी हर चीज छोड़कर खाली हाथ ही गया। इस संसार में हमारे साथ कुछ भी जाने वाला नहीं है जाएगा तो वही जो हमने सत्कर्म किए होंगे। इसीलिए गुरवाणी में हमें समझाइश दी गई है कि-

साथ न चाले बिन भजन बिखिया सगली छारि।
हरि हरि नाम कमावना नानक ऐहो धन सारि।।

हमें इस बात से शिक्षा लेनी चाहिए कि जाते वक्त हर किसी को सब कुछ यहीं छोड़ कर जाना पड़ेगा साथ में केवल हमारे द्वारा प्रभु सिमरन बंदगी करके प्राप्त किया है। हम भी अगर अपने बुजुर्गों की तरह धन दौलत इकट्ठी करते रहे प्रभु बंदगी में मन नहीं लगाया, सांसारिक मोह माया में फंसे रहे तो प्रभु के सांचे दरबार में उजले मुख से नहीं जा पाएंगे। मानव जीवन तभी सार्थक होगा इस धरा पर आकर प्रभु बंदगी में अपना मन लगाएंगे। उसके पास तो हमारे 84 जनमों का पाप-पुण्य का हिसाब-किताब है। वह हमें किसी भी योनि में कीड़े-मकोड़े के जनम में भेज देगा। परमात्मा ने हमें मानव जनम दिया है तो हमें समय रहते चेत जाना है। हमें पुण्य फल के ईनाम स्वरूप प्रभु के सांचे दरबार में स्थान की प्राप्ति होगी। दंड स्वरूप हमें इस धरा पर फिर से जनम लेना पड़ेगा।

हमें भी अपने बुजुर्गों की तरह खाली हाथ ही जाना है। फिर इस संसार में वापस आना है। अगर हमने-

सिमरन भजन दया नहीं कीनी तां मुख चोटा खाएगा।
मन राम सिमर नहीं तो पछताएगा।।

इसलिए हमें चाहिए कि प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांसों का सदुपयोग करते हुए प्रभु बंदगी में मन लगाते रहना है। हीरों से भी कीमती मानव जीवन कौड़ियों के भाव से खतम न कर लें-

श्वांस श्वांस सिमरो गोविंद मन अंतर की उतरे चिंद।

हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से बिनती करते रहना चाहिए ताकि वह हम पर अपनी कृपा दृष्टि डाल देवे तभी हम इस संसार से पार लग पाएंगे। उसकी सिमरन बंदगी में लग जावें और अपना मानव जीवन पाकर इस धरा पर आना सार्थक कर लेंवें। शुरु शुरू में भले ही हमारा मन सिमरन बंदगी में नहीं लग पाएगा पर अभ्यास करते रहने से उस निरंकार से लग जाएगा फिर हम स्वयं प्रभु मूरत हमारे मन में विराजमान है ऐसा प्रतीत करने लग जाएंगे। इस बात का कोई भी आज तक बखान नहीं कर पाया है। गूंगे मनुष्य को अगर हम मिठाई खिला देवें तो वह उसका स्वाद नहीं बता पाएगा। ठीक इसी तरह हमने प्रभु मूरत के दर्शन कर भी लिए तो उसका आनंद किसी को भी बता नहीं सकेंगे। बस हमें सिमरन बंदगी कर इसी आनंद की प्राप्ति करनी है ताकि हम उजले मुख से इस संसार समुद्र से पार उतर कर प्रभु के लोक में स्थान प्राप्त कर लेंवे।

# खेल जगत

**भारत के खतरनाक बल्लेबाजों पर दबाव बनाना महत्वपूर्ण था : मैट हेनरी**

**दुबई।** रविवार को वनडे में अपना तीसरा पांच विकेट लेकर 2025 चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में भारत को 249/9 पर सीमित करने के बाद, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने कहा कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के खतरनाक बल्लेबाजों पर दबाव बनाना था। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की धीमी पिच पर, हेनरी ने 5.2 की इकॉनमी रेट से अपने आठ ओवरों में 5-42 विकेट चटकाए। हेनरी ने पहले पावर-प्ले में शुभमन गिल और विराट कोहली को आउट करके भारत को हिला दिया, इसके बाद पारी के अंत में रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या और मोहम्मद शमी को आउट किया। हेनरी ने ब्रॉडकास्टर के साथ मिड-इनिंग चैट में कहा कि जिस तरह से हम यहां आए और शुरुआत में सतह को उजागर किया और भारत को दबाव में डाल दिया।



## डब्ल्यूपीएल 2025 : अपने ही घर में आरसीबी की लगातार चौथी हार

■ शैफाली वर्मा की धमाकेदार नाबाद 80 रनों की पारी ने दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई



वूमेन प्रीमियर लीग 2025

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। वूमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 14वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स वूमेंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू वूमेंस को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दिल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि बेंगलुरू की टीम लगातार चौथी हार के साथ टूर्नामेंट में पिछड़ती नजर आ रही है। शैफाली वर्मा की धमाकेदार नाबाद 80 रनों की पारी ने दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 147 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना ने शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाया लेकिन वह 8 रन बनाकर शिखा पांडे की गेंद पर मेग लैनिंग के हाथों कैच आउट हो गईं। वायट-हॉज ने 21 रन (18 गेंद, 4 चौके) बनाकर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन मरिजाने कैप की गेंद पर सारा ब्राइस ने उनका कैच लपक लिया। नंबर तीन पर एलिस पेरी ने नाबाद 60 रन (47 गेंद, 3 चौके, 3 छक्के) की शानदार पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उनका स्ट्राइक रेट 127.66 रहा। राघवी बिष्ट ने 33 रन (32 गेंद, 2 चौके) बनाए, लेकिन नल्लापुरेड्डी चरणी ने उन्हें स्टंप आउट कर दिया। रिचा घोष (5) और कनिका आहूजा (2) सस्ते में पवेलियन लौट गईं, जबकि जॉर्जिया वेयरहम ने नाबाद 12 रन बनाकर पेरी का साथ दिया। दिल्ली की गेंदबाजी में नल्लापुरेड्डी चरणी और शिखा पांडे ने दो-दो विकेट लिए। मरिजाने कैप ने भी एक विकेट लेकर और किफायती गेंदबाजी करके आरसीबी की रन गति पर अंकुश लगाया। आरसीबी का स्कोर दिल्ली के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने पर्याप्त साबित नहीं हुआ। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने सिर्फ 15.3 ओवर में 1 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। कप्तान मेग लैनिंग 2 रन बनाकर रेणुका सिंह की गेंद पर एलिस पेरी के हाथों कैच आउट हुईं। इसके बाद शैफाली वर्मा और जेस जॉनसन ने मोर्चा संभाला। शैफाली ने 43 गेंदों में नाबाद 80 रन (8 चौके, 4 छक्के) की विस्फोटक पारी खेली, उनका स्ट्राइक रेट 186.05 रहा। दूसरी ओर, जॉनसन ने 38 गेंदों में नाबाद 61 रन (8 चौके, 1 छक्का) बनाए और स्ट्राइक रेट 160.53 के साथ शैफाली का बखूबी साथ दिया। दोनों के बीच नाबाद 146 रनों की साझेदारी ने आरसीबी के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। यह हार बेंगलुरू में आरसीबी की लगातार चौथी हार थी। टूर्नामेंट की शुरुआत में वडोदरा में लगातार दो जीत हासिल करने वाली आरसीबी अब शीर्ष तीन में अपनी जगह बनाने की रेस में पिछड़ रही है।

### बल्लेबाज के तौर पर आपको हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है : शेफाली

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स ने घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर शानदार जीत के साथ डब्ल्यूपीएल 2025 के प्लेऑफ में जगह बनाई, शेफाली वर्मा ने 43 गेंदों पर नाबाद 80 रन की मैच विजयी पारी पर विचार किया और कहा कि बल्लेबाज को हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है, भले ही वह लगातार दो दिन खेल रहा हो। मेग लैनिंग की डीसी डब्ल्यूपीएल 2025 में प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई, जिसने मैच 14 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत ने 7 मैचों में 10 अंक और पांच शानदार जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति को और मजबूत किया। डेब्यूटेंट एन. चरानी और शिखा पांडे ने दो-दो विकेट चटकाए और घरेलू टीम को 20 ओवर में 147/5 पर रोक दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इसके बाद केवल 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें शेफाली वर्मा (नाबाद 80) और जेस जोनासेन (38 गेंदों पर नाबाद 61) ने 146 रनों की मैच विजयी साझेदारी की और शानदार जीत दर्ज की। शेफाली ने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर आपको हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है, भले ही आप लगातार दो दिन खेल रहे हों। हमारे गेंदबाजों ने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया और हमारी योजना अच्छी चल रही है। हम अपनी योजनाओं को पूरी तरह से लागू कर रहे हैं।

## सेमीफाइनल में पहुंचने पर अपनी मानसिकता नहीं बदलेगा दक्षिण अफ्रीका : जानसेन

■ जानसेन ने इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान प्राप्त किया था



चैम्पियंस ट्रॉफी

**कराची,** 2 मार्च (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड पर जीत के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। तेज गेंदबाज मार्को जानसेन ने कहा कि प्रोटियाज को नॉकआउट मैचों में अपने खराब फॉर्म से उबरने के लिए आगामी खेल में ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं है। जानसेन ने इंग्लैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान प्राप्त किया था, उन्होंने सात ओवर में 39 रन देकर तीन विकेट लिए थे और तीन कैच भी लिए थे। शनिवार को मिली जीत का मतलब है कि प्रोटियाज ग्रुप बी में शीर्ष पर रहे और सेमीफाइनल में जाने वाली दूसरी टीम ऑस्ट्रेलिया से आगे रहे।जानसेन ने दक्षिण अफ्रीका की इंग्लैंड पर जीत के बाद मीडिया से कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि (सेमीफाइनल में जाने से पहले) मानसिकता बदल जाती है, मुझे लगता है कि यह सिर्फ ऐसा अवसर है जिसे शायद थोड़ा अधिक प्रचारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी प्रक्रियाएं आजमाते हैं। मैं समझता हूं कि सिर्फ आपके कदम या आपके मार्गदर्शक हैं, जिनके साथ आप हर मैच में जाते हैं और फिर मूल रूप से सेमीफाइनल में आप बस कोशिश करते हैं और असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में बारिश ने खलल डाला, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड की टीम को जबरदस्त मात दी। तेज गेंदबाजों वियान मुल्डर और मार्को जानसन ने तीन-तीन विकेट चटकाकर इंग्लैंड को 38.2 ओवर में 179 रन पर ढेर कर दिया, इसके बाद वैन डेर डुसेन ने 87 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन बनाए। दूसरी ओर, क्लासेन ने 56 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 64 रन की तेज पारी खेली और दक्षिण अफ्रीका की एक और जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दक्षिण अफ्रीका ने यह लक्ष्य 29.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। जानसेन ने कहा कि मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छा टीम प्रदर्शन था। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में, मुझे लगता है कि हमने वह सब किया जो हम करना चाहते थे या जिसकी हमने योजना बनाई थी या करने के लिए तैयार थे। और फिर जाहिर है कि बल्लेबाजों ने मैदान पर उतरकर अपना काम बहुत अच्छे से किया। दक्षिण अफ्रीका को अपने सेमीफाइनल प्रतिद्वंद्वी के बारे में तभी पता चलेगा जब रविवार को न्यूजीलैंड और भारत के बीच मुकाबला होगा, जिसमें हारने वाली टीम को प्रोटियाज से भिड़ना होगा।

### हरदोई के पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने माउंट केन्या पर फहराया तिरंगा

**हरदोई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। माउंट केन्या की चोटी पर भारतीय ध्वज फहराने वाले वह पहले भारतीय पर्वतारोही बन गए हैं। इस अद्भुत उपलब्धि के साथ उन्होंने अपने गांव, जिले और देश का नाम रोशन किया है। यह सफर उनकी कड़ी मेहनत, साहस और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक बन गया है। अभिनीत मौर्य ने 26 फरवरी को दिल्ली से नैरोबी के लिए उड़ान भरी थी। वहां पहुंचने के बाद उन्होंने माउंट केन्या नेशनल पार्क में चढ़ाई के लिए अनुमति ली और 27 फरवरी को चढ़ाई की शुरुआत की। पर्वतारोहण के दौरान उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और 1 मार्च की सुबह 7:20 बजे माउंट केन्या की चोटी पर भारतीय तिरंगा फहराया।

## कोहली ने खेला अपना 300वें वनडे मैच, 51 शतक बनाने पहले बल्लेबाज




> मुझे नहीं पता कि मैं हमेशा एक आदर्श दिल्ली का मुंडा हूं या नहीं। दिल्ली का मुंडा होने का मतलब है कि हर चीज के प्रति तनाव-मुक्त दृष्टिकोण रखना : विराट कोहली

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण करने के लिए दुबई में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए तैयार भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी दिल्ली की जड़ों के बारे में बताया और कहा कि उनका प्रोटोटाइप 'दिल्ली दा मुंडा' चीजों के प्रति तनाव मुक्त दृष्टिकोण को दर्शाता है। कोहली, जो रविवार दोपहर दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मैदान पर उतरने के साथ अपना 300वां वनडे खेलने उतरे। पहले ही वनडे इतिहास में 51 शतक बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं और सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद इस प्रारूप में 14,000 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। कोहली ने इंस्टाग्राम पर आईसीसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं हमेशा एक आदर्श दिल्ली का मुंडा हूं या नहीं। दिल्ली का मुंडा होने का मतलब है कि हर चीज के प्रति तनाव-मुक्त दृष्टिकोण रखना। जीवन में नए अनुभव बहुत जगह ले गए, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं हमेशा दिल्ली का लड़का हूं। कुछ पलों में, मैं हां हूं वीडियो में आगे, मुख्य कोच गौतम गंभीर, जो खुद भी 'दिल्ली के लड़के' हैं, ने कहा कि दिल्ली की भावना यह है कि खिलाड़ी के मैदान पर कदम रखते ही खेल जीतने की कोशिश करें। गंभीर ने कहा कि दिल्ली की भावना बहुत सरल है: जब भी आप क्रिकेट के मैदान पर उतरें, कोशिश करें और जीतें। जब हम दिल्ली में बड़े हो रहे थे, तो हमें यही सिखाया गया है। न्यूजीलैंड और भारत दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन उन्हें यह तय करने के लिए एक-दूसरे का सामना करना होगा कि ग्रुप ए में कौन शीर्ष पर है। इससे सेमीफाइनल की स्थिति भी तय करने में मदद मिलेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनलिस्ट की पुष्टि हो गई है- हालांकि वास्तविक कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं।

### मधवेंद्र शेखावत ने पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में की राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी

**एरिजोना (अमेरिका),** 2 मार्च (एजेंसियां)। भारत के मधवेंद्र शेखावत ने बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की।



अमेरिका के एरिजोना यूनिवर्सिटी में आयोजित बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में 21 वर्षीय भारतीय एथलीट ने 7.64 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए बाधा दौड़ जीती। इसी के साथ उन्होंने पिछले महीने फ्रांस में तेजस शिरसे द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मधवेंद्र ने फाइनल में जमैका के जेरोम कैंपबेल को हराकर जीत दर्ज की। इस चैपियंसशिप में जेरोम 7.65 सेकंड के साथ दूसरे तथा अमेरिका के जाचरी विंगर 7.93 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मधवेंद्र ने शुक्रवार को हीट्स में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने 7.79 सेकंड में फिनिश लाइन पार की और आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 7.68 सेकंड था, जो उन्होंने 14 फरवरी को सिएटल में दर्ज किया था।

**सार संक्षेप**

### 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' का चौथा सफल आयोजन

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन-2025 में रविवार को पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने 01 घण्टा 02 मिनट 15 सेकंड में और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने 01 घण्टा 13 मिनट 01 सेकेण्ड में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य के संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा आज अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 2025 के चौथे आयोजन में शामिल हुए। यहां बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 5.30 बजे से दौड़ लगाकर मैराथन दौड़ का शुरूआत किया गया। मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व हजारों धावकों को वार्मअप कराने हेतु जुम्बा डॉस कराया गया, जिसका धावकों ने खूब आनंद लिया। मैराथन दौड़ ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में संपन्न हुई जहां विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

### डीपीएल 2024-25 को मिल सकता है नया चैम्पियन

**नई दिल्ली।** देर से ही सही डीएसए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2024-25 का समापन होता नजर आ रहा है। भले ही दो महीने की लीग छह महीने में समाप्त होगी, लेकिन जैसे-तैसे डीपीएल का तीसरा संस्करण पूरा होने को है। कौन विजेता बनेगा? दावा करना ठीक नहीं होगा लेकिन सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स, गढ़वाल हीरोज, दिल्ली एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी खिताबी दौड़ में आगे चल रहे हैं। सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स 19 मैचों में 41 अंक अर्जित करके प्रबल दावेदार बन कर उभरे हैं और यदि अपने बाकी तीनों मैच जीत जाती है तो डीपीएल को नया चैम्पियन मिल सकता है। पहले संस्करण में वाटिका एफसी और दूसरे में गढ़वाल हीरोज ने खिताब जीता था।

## विदर्भ पहली पारी में बढ़त के आधार पर बना रणजी ट्रॉफी चैम्पियन

■ गेंदबाजी में हर्ष दुबे, पार्थ रेखाड़े और दर्शन नालकांडे ने तीन-तीन विकेट चटकाए और केरल को 342 रनों पर रोका



**नागपुर,** 2 मार्च (एजेंसियां)। विदर्भ ने रविवार को जामथा के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में फाइनल में केरल के खिलाफ पहली पारी में बढ़त लेने के आधार पर रणजी ट्रॉफी 2024-25 का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह विदर्भ का तीसरा खिताब था और 2018-19 के बाद से पहला खिताब था जब उन्होंने लगातार जीत दर्ज की थी। विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 375/9 रन बनाए थे और अंतिम दिन कुल 412 रनों की बढ़त बनायी जिसके बाद दोनों टीमों ने हाथ मिलाकर ड्रा पर सहमति जताई। विदर्भ की पहली पारी की 37 रनों की बढ़त उनके लिए निर्णायक साबित हुई, जिसके बाद दानिश मालेवार ने 153 रनों की पारी खेली, जबकि फॉर्म में चल रहे करुण नायर ने पहली पारी में 86 रनों की पारी खेली, जब टीम 24/3 पर लड़खड़ा रही थी। गेंदबाजी में हर्ष दुबे, पार्थ रेखाड़े और दर्शन नालकांडे ने तीन-तीन विकेट चटकाए और केरल को 342 रनों पर रोक दिया, जिससे विदर्भ को फाइनल में बढ़त मिल गई, जिसने अपनी पहली पारी में 379 रन बनाए। विदर्भ के दूसरे प्रयास में, पहली पारी के नायक दानिश मालेवार और करुण नायर ने वहीं से खेलना जारी रखा, जहां से उन्होंने छोड़ा था और फिर से टीम के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। सलामी बल्लेबाज पार्थ रेखाड़े और ध्रुव शौरी के जल्दी आउट होने के बाद विदर्भ का स्कोर 7/2 था। हालांकि, मालेवार और नायर ने तीसरे विकेट के लिए 182 रनों की वापसी की साझेदारी की। मालेवार 73 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि नायर ने इस सत्र का अपना नौवां और टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरा शतक लगाया। नायर दो छक्कों और 10 चौकों की मदद से 135 रन बनाकर आउट हुए। मध्यक्रम के तीन विकेट जल्दी-जल्दी खोने के बावजूद दर्शन नालकांडे और अक्षय कर्णेवार ने आठवें विकेट के लिए 48 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

**सीनियर महिला हॉकी नेशनल्स**

### दिल्ली, दमन और दीव, तेलंगाना दूसरे दिन जीतीं

**पंचकूला,** 2 मार्च (एजेंसियां)। पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन तेलंगाना हॉकी और दिल्ली हॉकी ने डिवीजन बी में जीत दर्ज की, जबकि दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी ने अपने डिवीजन सी मैच में जीत दर्ज की। डिवीजन बी के पूल ए में, तेलंगाना हॉकी ने दिन के मुकाबलों में असम हॉकी पर 3-1 की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। असम हॉकी ने कप्तान मुनमुनी दास (14%) के प्रभावशाली फील्ड गोल से पहला झटका दिया, हालांकि, तेलंगाना हॉकी ने तुरंत जवाब दिया और दूसरे क्वार्टर में ही प्रतिवा किंडो (23%), सुमी मुंदरी (26%) और पूजा राठौड़ (28%) से तीन गोल दर्ज करके मैच जीत लिया। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में,



दिल्ली हॉकी ने की जीत को जारी रखते हुए पूल बी में हॉकी हिमाचल को 1-0 से हराया। नेहा (14%) ने पहले क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदला और मैच का एकमात्र गोल किया। अगले तीन क्वार्टर में दिल्ली हॉकी के मजबूत डिफेंस ने सुनिश्चित किया कि उन्होंने सभी अंक हासिल किए और अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। डिवीजन बी में दिन का आखिरी गेम 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ क्योंकि छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी चंडीगढ़ दोनों चार क्वार्टर में अलग नहीं हो सके।

## मैकुलम ने वनडे और टी-20 की कप्तानी अलग-अलग करने के संकेत दिए

■ जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से इंग्लैंड के ग्रुप चरण में जल्दी बाहर होने के बाद कप्तानी से इस्तीफा देने का कठिन फैसला किया



**कराची,** 2 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब नेतृत्व के बारे में अहम फैसला करना होगा, क्योंकि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कप्तानी के मुद्दों पर बात करते हुए संकेत दिया कि इंग्लैंड कई कप्तानों को चुन सकता है या वनडे और टी20 दोनों टीमों की कप्तानी संभालने के लिए एक खिलाड़ी की पहचान कर सकता है।

जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से इंग्लैंड के ग्रुप चरण में जल्दी बाहर होने के बाद कप्तानी से इस्तीफा देने का कठिन फैसला किया। अभियान का उनका अंतिम मैच शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के हाथों भारी हार के साथ समाप्त हुआ। बटलर के इस्तीफे के बाद मैकुलम और इंग्लैंड के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लेना बाकी है कि टीम की कमान कौन संभालेगा। मई 2011 से लेकर अब तक, जब से एंड्रयू स्ट्रॉस, एलिस्टेयर कुक और स्टुअर्ट ब्रॉड ने टेस्ट, वनडे और टी20 टीमों का नेतृत्व किया है, तब से इंग्लैंड में तीन अलग-अलग कप्तान नहीं रहे हैं। मैकुलम ने संवाददाताओं से कहा कि हम अगले कुछ हफ्तों में इस पर काम करेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमें इस बात की अच्छी जानकारी हो कि संरचना कैसी दिखती है, चीजें कैसे रखी जाती हैं और प्रत्येक टीम को क्या चाहिए।

### मुझे पूरा यकीन है कि आर्चर टेस्ट क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं: मैकुलम

कराची। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आगामी सत्र में देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं। 29 वर्षीय खिलाड़ी 2021 में अपने आखिरी टेस्ट मैच के बाद से अपनी कोहनी में बार-बार होने वाले तनाव फ्रेक्चर और पीठ के तनाव फ्रेक्चर से जूझ रहे हैं। 2019 एशेज में पदार्पण करने के बाद से 42 टेस्ट विकेट लेने के बाद, उन्होंने मार्च 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की, लेकिन कोहनी में तकलीफ का अनुभव किया, जिससे वे मई 2024 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हो गए। मैकुलम ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम हमेशा जोफ के साथ सही व्यवहार करें और इसमें शामिल जोखिमों को समझें, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए काफी उत्सुक हैं। अगर आप उसे तेज गेंदबाजों की उस टीम में शामिल कर सकते हैं जिसे आप बनाने की कोशिश कर रहे हैं, तो इससे टीम और मजबूत होगी। कुल मिलाकर, मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि जॉफ किस स्थिति में है और उसे इस समय चोट से मुक्त होकर खेलते हुए देखना बहुत अच्छा है।

## जमशेदपुर एफसी ने ड्रॉ से केरला ब्लास्टर्स एफसी की प्लेऑफ उम्मीदें खत्म की



■ केरला ब्लास्टर्स एफसी 22 मैचों में सात जीत, चार ड्रॉ और 11 हार से 25 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर बनी हुई है

**कोच्चि,** 2 मार्च (एजेंसियां)। केरला ब्लास्टर्स एफसी की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के प्लेऑफ में प्रवेश की बची-खुची उम्मीदें खत्म हो गई हैं, मेजबान टीम यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए आईएसएल 2024-25 मुकाबले में अपनी बढ़त गंवाकर जमशेदपुर एफसी के साथ 1-1 से ड्रा खेलने के लिए मजबूर हुई। ब्लास्टर्स की तरफ से राइट-विंगर कोरू सिंह ने 35वें मिनट में गोल किया जबकि जमशेदपुर एफसी के लिए 86वें मिनट में ब्लास्टर्स के मोंटेनेग्रिन सेंटर-बैक मिलोस ड्रिनसिक ने आत्मघाती गोल किया। राइट-विंगर कोरू सिंह को गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज, ब्लास्टर्स की ड्रा से प्लेऑफ उम्मीदें टूटने से अंतरिम मुख्य कोच टीजी पुरुषोत्तमन जरूर निराश होंगे। केरला ब्लास्टर्स एफसी 22 मैचों में सात जीत, चार ड्रा और 11 हार से 25 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर बनी हुई है।

# बच्चों को परीक्षा के बीच ही भेजा भ्रमण पर, शिक्षकों की भी लगाई ड्यूटी




जतारा, देशबन्धु। वर्तमान में छात्र-छात्राओ की परीक्षाएं संचालित हो रही है। छात्राओं को जहां अध्ययन कर अपनी तैयारी करना थी, तो ऐसे में कंजना के पीएम श्री स्कूल द्वारा बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के भ्रमण पर भेज दिया। वह भी परीक्षा के समय जिसमें विद्यालय के शिक्षकों की भी बाकायदा ड्यूटी लगाकर आदेश जारी किया गया। जबकि आज हाईस्कूल का पेपर है। इसी बीच विद्यालय के द्वारा उन्हें भ्रमण पर भेज दिया गया है, आखिर परीक्षा के समय क्या आवश्यकता थी। कैसे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षाओं के बीच बच्चो को भ्रमण पर भेजने की अनुमति दे दी।

जनपद पंचायत पलेरा के ग्राम पंचायत कंजना के पीएम श्री विद्यालय कंजना में शैक्षणिक गतिविधियों के भ्रमण के नाम पर एक माह पहले जहां तीन बसों का खर्च दिखाकर एक बस भ्रमण पर भेजे जाने का मामला सामने आया था। 21 फरवरी को विभिन्न समाचार पत्रों ने मामले को उजागर किया था। जिसके बाद कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच के निर्देश दिए थे, जिस पर आईएल आठिया ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया था, जिसमें विकास विभाग शिक्षा पलेरा राकेश कुमार जैन तथा संकुल प्राचार्य बम्होरी कलां विक्रम सिंह परिहार ने 23 फरवरी को कंजना पहुंच कर जांच की, तो वहां के कर्मचारियों के बयान दर्ज किए गए थे और रिकॉर्ड की जांच भी की गई थी। जिसमें पाया गया था कि वहां के प्राचार्य जमुना प्रसाद अहिरवार ने शैक्षणिक गतिविधियों के नाम पर फर्जी तरीके से बिल लगाकर राशि आहरण की, जो ट्रेवल एजेंसी के खाते में न डालकर अपने भाई विनोद अहिरवार के खाते में डाली थी। जिसका प्रतिवेदन जांच टीम के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को दिया गया उसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जहां कार्यवाही करना चाहिए थी, लेकिन उन्होंने पीएम श्री विद्यालय कंजना के प्राचार्य को बचाने के जब छात्राओं की संचालित की जा रही है। ऐसे में वहां के प्राचार्य के द्वारा बीते 1 मार्च को संस्था की बैठक आयोजित कर आज रविवार 2 मार्च को झांसी ओरछा और दतिया का भ्रमण कराए जाने को लेकर न केवल बैठक में प्रस्ताव पारित किया। बल्कि दो बसों के माध्यम से विद्यालय के कक्षा 6 से दसवीं कक्षा में अध्ययन करने वाले लगभग एक सैकड़ा छात्र और शिक्षक ऑन को आज रविवार को ओरछा दतिया और झांसी शैक्षणिक गतिविधियों के भ्रमण पर भेजा गया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं, तो वहीं ग्राम के लोगों का कहना है कि जहां पहले विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा भ्रष्टाचार करने की नीयत से अग्रिम बिल लगाकर एक माह पहले राशि का आहरण कर लिया। जब मामले का वीडियो वायरल हुआ और समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुई, तो अब कार्यवाही की जांच शुरू होते ही अधिकारियों ने प्राचार्य को बचाने के लिए आज बच्चों को भृमण पर भेज दिया।

लोगो ने मामले को लेकर कलेक्टर से जांच कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## विद्यालय में यह रखा गया प्रस्ताव

कंजना के पीएमश्री स्कूल में बच्चो के भृमण सम्बन्धी एक प्रस्ताव डाला गया। जिसमें उल्लेख किया गया कि पीएम श्री विद्यालय कंजना में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को शासन की नियम अनुसार धार्मिक पुरातत्व संग्रहालय आदि का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाए। जिसको लेकर प्रस्ताव पारित कर विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें रितु कुशवाहा, जागेश्वर अहिरवार, श्रद्धा राजोरिया, सत्य प्रकाश दिनकर, अखिलेश प्रजापति, राजू प्रसाद गौतम आदि शिक्षकों की ड्यूटी छात्राओं को सुबह 7 बजे ले जाने और शाम को वापस लाकर उनके अभिभावकों के समक्ष लाने ले जाने की जवाबदारी सौंपी गई हैं।

## इनका कहना है-

इस संबंध में पलेरा के विकास खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार जैन ने बताया कि शैक्षिक गतिविधियों की भ्रमण परीक्षाओं के मध्य छात्रों को भ्रमण पर ले जाने की अनुमति के संबंध में हम कुछ नहीं कह सकते। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी और वहां पर पदस्थ एपीसी शरद खरे ही बता सकते हैं कि उन्होंने कैसे बोर्ड परीक्षाओं के बीच बच्चों को भ्रमण पर भेजा है।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी आईएल आठिया ने बताया कि कंजना के पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य की जांच चल रही है, ऐसे में जल्दबाजी में परीक्षाओं के बीच ही शैक्षणिक गतिविधियों के भ्रमण पर बच्चों को भेजा गया है, जो नियम विरुद्ध है। मैंने कोई ऐसा आदेश नही दिया है, इसके लिए पर्याप्त समय होना चाहिए। उनके द्वारा जो गड़बड़ी की गई थी उसकी नियम अनुसार जांच चल रही है।

### कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप

# महिला ने कहा- पार्षद पति के इशारे पर कर्मचारियों ने निर्माण रोका



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** रविवार को एक महिला प्लॉट मालिक ने नगरपालिका कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल, वार्ड नंबर-17 में स्थित महिला के प्लॉट पर निर्माण कार्य चल रहा था। आरोप है कि नगरपालिका के कर्मचारियों ने अवैध वसूली के लिए परेशान किया है।

महिला ने कहा स्थानीय पार्षद की पति फरीद खान के इशारे पर नगरपालिका के हवलदार राजा बाल्मीक और राकेश बाल्मीक लगातार 2-3 दिनों से काम में बाधा डाल रहे थे। आज फरीद खान का भाई शरीफ खान मौके पर आया। उसने वीडियो बनाना शुरू किया और फोन पर अज्ञात व्यक्ति को बुलाया। कुछ देर बाद नगरपालिका कर्मचारी अपने साथियों के साथ भी पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज की और पैसों की मांग की। पैसे नहीं मिलने पर कर्मचारी करीब 20 किलो तार, कटर मशीन, हैमर मशीन और अन्य सामान अपने साथ ले गए। इस सामान की कीमत करीब 50 हजार बताई जा रही है। प्लॉट मालिक का कहना है कि उनके प्लॉट पर कोई स्टे नहीं है। न ही नगरपालिका ने कोई नोटिस दिया है। महिला ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## इनका कहना है-

अभी अवकाश पर हूं, मै तत्काल इस मामले की जानकारी मौके पर गए कर्मचारी लूंगा। किसी व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी दी जाएगी।

**ओमपाल सिंह भदौरिया**
सीएमओ, नपा टीकमगढ़

# स्वस्थ रहने के लिए जैविक उत्पादों को अपनाना होगाः एडिशनल एसपी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्वस्थ रहे टीकमगढ़ की मुहिम पर भारतीय किसान संघ व जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से हर रविवार को सर्किट हाउस के पास जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। इस हाट बाजार मे जिले के जागरुक नागरिको व अधिकारियो का अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है। इस जैविक हाट बाजार की विशेषता यह है कि इसके सभी उत्पाद गाय के गोबर व गौमूत्र से निर्मित है। इस हाट बाजार मे प्रतिदिन उपयोग होने वाला आटा नवरत्न आटा है जो अनाजों से मिलकर चोकर सहित व कोल्ड फ्रेश चक्की से निर्मित है, जिससे इस आटे के पोषक तत्व नष्ट नही होते हैं। जैविक हाट बाजार में आज रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सस्तया ने आकर सब्जी व अन्य उत्पाद की खरीददारी की। इस दौरान उन्होंने लोगो से कहा कि अगर हमे स्वस्थ रहना है तो जैविक उत्पादों को अपनाना होगा। इस हाट बाजार मे भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष शिवमोहन गिरि, जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव व तहसील अध्यक्ष रामचंद्र श्रोती ने भी जैविक उत्पाद खरीदे। दमोह जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव हाट बाजार में परिवार सहित आए जैविक उत्पादों की खरीददारी की।

# अभाविप ने भाजपा जिलाध्यक्ष को समस्याओं से कराया अवगत



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अखिल विधायर्थी परिषद के पूर्व पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत से की। उन्हें नवीन दायत्वि की शुभकामनायें दी और विधाथियों से संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। अखिल विधायर्थी परिषद के कार्यकर्तओ की समस्याओं पर जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने भरोसा दिलाया कि हम सभी छात्रो के हित में भरपूर सहयोग करेगे। इस अवसर पर रोहित खटीक, नरेश तिवारी, प्रशांत चर्तुवेदी, अशुंल व्यास, शिवचरण उटमालिया, ऋषि, संक्लप जैन, यश मिश्रा, देवान्शु शुक्ला, पियूश शर्मा संयम जैन, नीलेश पडेरे, शुभम श्रीवास्तव, सतेन्द्र यादव, चिराग आदि लोग उपस्थित रहे।

# 108 भगवान चित्रगुप्त मंदिर पर हुआ टैक्टिक्स बैठक का आयोजन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की टैक्टिक्स बैठक का आयोजन आज स्थानीय मंदिर श्री चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें सैकड़ों कायस्थजनों ने उपस्थित होकर बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में समाज के बुद्धजनों ने भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष कार्तिक खरे ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सतीश खरे व महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति खरे को प्रमाणपत्र प्रदान कर नई जिम्मेवारी प्रदान की। जिला अध्यक्ष सतीश खरे ने उपस्थित समाज जनों का आभार व्यक्त करते हुए कायस्थ समाज को संगठित करने की योजना का एजेंडा रखा। कार्यक्रम का संचालन कर रही श्रीमती शिल्पा खरे ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कायस्थ जनों का विशेष योगदान रहा है और राष्ट्र निर्माण के लिए कायस्थ समाज को संगठित होना आवश्यक है। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति खरे ने समाज की महिलाओं को संगठित होकर कार्य करने की योजना पर बल दिया। साथ ही समाज के पुरुष वर्ग से महिला शक्ति का साथ देने का आह्वान किया। समाज सेवी बीजेपी महिला जिला अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव अपनी मर्म स्पर्शी बात साझा कर सारे सदन के सामने एक दूसरे का सहयोग करने की अपील की। समाज के गरीब छात्रों की निः शुल्क शिक्षा लिए उन्होंने ग्वालियर पब्लिक स्कूल के द्वार खोल दिए। समाजसेवी नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक रानू खरे ने कलम दवात का चिन्ह नगर के चौराहे पर नगर पालिका के माध्यम से स्थापित कराए जाने जाने का समर्थन दिया। ट्रस्ट अध्यक्ष राघवेंद्र खरे ने समाज के सामने मंदिर में भगवान चित्रगुप्त परिवार की स्थापना कराए जाने की रूपरेखा रखी। बैठक में सैकड़ों कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे।



# 5 माह से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को बस स्टैंड से किया गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिछले 5 माह से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को बस स्टैंड दिगौड़ा से गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक मामले में पिछले 5 माह से फरार चल रहे आरोपी के विरुद्ध जिला न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। जिस पर दिगौड़ा पुलिस ने स्थाई वारंटी मजबूत सिंह यादव निवासी भदरई थाना लिधौरा को बस स्टैंड दिगौड़ा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को जिला न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, आरक्षक रजत दांगी, शिवा, नीलू सिंह की मुख्य भूमिका रही।

# परशुराम संगठन ने शुरू किया सफाई अभियान



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के झिरकी बगिया रोड स्थित वृंदावन तालाब इन दिनों जलकुंभी से घिरा हुआ है। नगर की जीवनरेखा कहे जाने वाले इस तालाब की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय परशुराम संगठन ने सफाई अभियान की पहल की है।

संगठन ने एक हफ्ते पहले नगर पालिका और जिला प्रशासन से तालाब की सफाई की मांग की थी। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर रविवार को संगठन के सदस्यों ने स्वयं जलकुंभी हटाने का काम शुरू कर दिया। संगठन की युवा इकाई के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण तालाब की स्थिति खराब हुई है। उन्होंने बताया कि इससे पहले संगठन महेंद्र सागर तालाब की सफाई कर चुका है। अभियान में नीतू द्विवेदी, जानकी पुरोहित, नीरज द्विवेदी, ममता त्रिपाठी, नीमा पुरोहित, दुष्यंत महाराज, राघवेंद्र तिवारी, अरुण तिवारी, गौतम पुरुषोत्तम, सौरभ शर्मा, गोलू अग्निहोत्री, राघवेंद्र अग्निहोत्री सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा पुलिस ने साइबर सेल व मुखबिर की सूचना पर दिसंबर 2023 से अपहर्ता नाबालिग बालिका को रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया। नाबालिग के कथनों पर पुलिस ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने वाले 3 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दिगौड़ा पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से दिसंबर 2023 में एक नाबालिग बालिका को अज्ञात आरोपी के द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट करने पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 396/23 अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। थाना दिगौड़ा के अपराध क्रमांक 396/23 धारा 363 ताहि0 में नाबालिग अपहर्ता बालिका की दस्तयाबी हेतु एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम के द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी के लिए एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु साइबर सेल से लगातार जानकारी ली गई, लेकिन आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर होने पर पुलिस अधीक्षक ने 3000 के ईनाम की घोषणा की गई थी। इसी मामले के अंतर्गत साइबर सेल व मुखबिर तंत्र से जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नीरज लोधी द्वारा एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा नाबालिग अपहर्ता बालिका को रेलवे स्टेशन टीकमगढ़ से दस्तयाब किया। नाबालिग के न्यायालय में लाकर कथन कराकर नाबालिग बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया। नाबालिग बालिका के कथनों पर पुलिस टीम ने 3000 के ईनामी आरोपी राहुल आदिवासी निवासी बम्होरी नकीबन थाना देहात को बम्होरी नकीबन से गिरफ्तार कर जिला न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी नीरज लोधी, एएसआई कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक विजय सिंह, आनंद सुडेले, आरक्षक रजत दांगी, नीलू सिंह, राघवेंद्र लोधी, अजीत सिंह, महिला आरक्षक रितु परमार की अहम भूमिका रही।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**बैतूल, देशबन्धु।** लायंस क्लब भौरा द्वारा 3 मार्च सोमवार के दिन नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय नेत्र जांच एवं मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के सचिव लायन प्रेम उदयपुरे ने बताया कि लायंस क्लब भौरा द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नेत्र एवं मधुमेह की नि:शुल्क जांच की जाएगी। शिविर में आने वाले लोगों को अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं मोबाईल नंबर लाना जरूरी है।

### मां कर्मा जयंती 25 मार्च को

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती एवं संगठन की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर 25 मार्च दिन मंगलवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। गोपाल साहू एवं अजय जीतपूरे ने बताया कि इस अवसर पर सेवा गतिविधियों के आयोजन किए जाएंगे। भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती पर श्री कृष्ण मंदिर बैतूल में सुबह आठ बजे भगवान श्री कृष्ण को भोग अर्पित किया जाएगा। सुबह 8.30 बजे जिला चिकित्सालय बैतूल में अंकुरित आहार का वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे उड़दन स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को स्वल्पाहार वितरण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे भोजन शाला में मरीजों के परिजनों को भोजन खिलाया जाएगा। दोपहर 1 बजे से जिला चिकित्सालय बैतूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से पापमोचनी एकादशी समारोह का आयोजन विनोबा वार्ड बैतूल में किया जाएगा। 25 मार्च को साहू समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों की पत्रिका का विमोचन किया जाएगा।

### चिखलीमाल हाई स्कूल के 34 विद्यार्थियों को वितरित की साइकिलें



**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी विकासखंड के हाई स्कूल चिखलीमाल में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 34 छात्र-छात्राओं को साइकिलें सौंपी गईं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिखलीमाल की सरपंच सरिता धुर्वे, पंच चुन्नीलाल यादव, सुभाष यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आनंद कुमार साहू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि साइकिल मिलने से अब उनका सफर आसान होगा और वे नियमित रूप से स्कूल आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है और इससे बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। साइकिल मिलने से बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्र-छात्राओं ने कहा कि अब वे बिना किसी परेशानी के स्कूल आ सकेंगे और अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे पाएंगे। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### केंद्रीय मंत्री ने किया कोहिनूर स्टीम कार वाश सेंटर का शुभारंभ



**बैतूल, देशबन्धु।** रानीपुर गोठाना रोड पर कोहिनूर स्टीम कार वाश सेंटर का रविवार को शुभारंभ किया गया। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। शॉप के संचालक रूपम कवड़े ने बताया कि इस सेंटर में आधुनिक तकनीक से कार वाश की सुविधा मिलेगी, जिससे ग्राहकों को बेहतरीन सर्विस का अनुभव मिलेगा। शुभारंभ अवसर पर उनके परिवार के सदस्य बसंत कवड़े (गोंडी लोक गायक), शंभु कवड़े, जितेश कवड़े, राजकुमार उइके सहित सगा समाज ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस नए स्टीम कार वाश सेंटर के खुलने से क्षेत्रवासियों को बेहतर कार वाश सुविधा उपलब्ध होगी।

### कला दर्शन कार्यक्रम आज

**बैतूल, देशबन्धु।** संस्कार भारती मध्यभारत प्रांत के अखिल भारतीय संगठन मंत्री अभिजीत गोखले के एक दिवसीय प्रवास के अवसर पर बैतूल में कला दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आज 3 मार्च को शाम 4 बजे विनायक शिशु मंदिर, सिविल लाइन, बैतूल में होगा। संस्कार भारती बैतूल जिला इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश और प्रदेश की विलुप्त होती कलाओं का संयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोक कलाओं के मंचन के साथ-साथ भजन, लोकगीत, एकल और सामूहिक गीतों की प्रस्तुतियां भी होंगी। इसके अलावा, लोक नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कला प्रेमियों को एक यादगार अनुभव मिलेगा। संस्कार भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत महामंत्री मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती लोककलाओं को पुनर्जीवित करना और कलाकारों को प्रोत्साहित करना है।

# दूषित पानी की समस्या को लेकर मुलताई पहुंचे कलेक्टर, घर-घर जाकर प्रभावितों से की मुलाकात

### आरआई को निलंबित किए जाने के दिए निर्देश



**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई के तिलक और शास्त्री वार्ड में दूषित पानी से लोगों को उल्टी- दस्त होने की घटना सामने आने पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने रविवार को मुलताई पहुंचकर प्रभावित वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घर.घर जाकर प्रभावित रहवासियों से चर्चा की और उनका हाल.चाल जाना। साथ ही गंभीर मरीजों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराए जाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अमले को दिए। इस दौरान लापरवाही पाए जाने पर नगरपालिका के आरआई को तत्काल निलंबित किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान वार्ड में स्थित नालियों और वॉल चैंबरों पानी की टंकी को भी देखा। वॉल चैम्बरों के आस.पास गंदा पानी डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के निर्देश नगर पालिका के अधिकारियों को दिये। इसके अलावा पानी की टंकी की सफाई करने प्रभावित वार्डों की पुरानी पाइपलाइन बदलने के भी निर्देश नगर पालिका को दिए गए।

श्री सूर्यवंशी ने शास्त्री और तिलक वार्ड में निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ रविकांत उईके को प्रभावित वार्डों में 24 घंटे पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहने इन वार्डो का सतत मॉनिटरिंग करने और मरीज को दवाई उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा पीएचई विभाग के अधिकारियों को वार्ड में अलग.अलग जगह से पानी के सैंपल लेने तथा वार्ड में दवाई वितरित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मासोद नाका स्थित पानी की टंकी ग्राम खरसाली में स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान श्री सूर्यवंशी ने केमिकल हाउस पानी स्टोर मेन कंट्रोल पैनल में पहुंचकर जानकारी ली। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने हरदौली डैम पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनीता पटेल पीएचईए, जल संसाधन विभाग, नगर पालिका, मत्स्य विभाग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से की चर्चा

निरीक्षण के पूर्व कलेक्टर श्री सूर्यवंशी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने सामान्य वार्ड और आईसीयू ग्रह चिकित्सा इकाई में भर्ती उल्टी.दस्त के पीड़ित मरीजों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को उपचार में किसी भी प्रकार की कमी ना हो। गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जाए इसके लिए पर्याप्त मात्रा में एंबुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश सीएमएचओ को दिए गए।

# श्रीराम भुस्कुटे तहसील अध्यक्ष, सुखदेव धोटे ब्लॉक अध्यक्ष बने



**बैतूल, देशबन्धु।** भैंसदेही में रविवार को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की बैठक जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें तहसील अध्यक्ष के रूप में श्रीराम भुस्कुटे और ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में सुखदेव धोटे को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में जिला अध्यक्ष सचिन राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि रवि सरनेकर जिला अध्यक्ष, पुरानी पेंशन बहाली, राजेंद्र कटारे जिला अध्यक्ष, आदर्श शिक्षक संघ, प्रकाश सिंह देवड़ा कोषाध्यक्ष, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, अशोक लोखंडे तहसील अध्यक्ष, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ और विजय पटैया ब्लॉक अध्यक्ष, राज्य अध्यापक संघ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। संघ की नई कार्यकारिणी में तहसील अध्यक्ष श्रीराम भुस्कुटे, उपाध्यक्ष चंद्र किशोर बेले, सचिव गिरीश मालवीय और कोषाध्यक्ष नरेंद्र घानेकर बनाए गए।

वहीं ब्लॉक कार्यकारिणी में सुखदेव धोटे को ब्लॉक अध्यक्ष, कमला दवंडे को उपाध्यक्ष, दानवीर छत्रपाल को सचिव और दिलीप बारस्कर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सचिन राय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सभी संगठन और कर्मचारियों के हित में कार्य करेंगे। बैठक में अशोक सोनारे, संजू भावरे, संजय डागे, रीना धुर्वे, अरुणा महाले, रामरति कासदे, परसराम परते, धनराज बेले, हरिओम शर्मा, वीरेंद्र हिरवेकर, विकास मकोड़े, दिनेश चितकारे, सूरज राठौड़, सुनील बोडखे, गोविंद ठाकरे, रामविलास सेलेकर, सहदेव लोखंडे, रामचरण नागले, अनिल मर्सकोले और दिलीप वाड़िवा सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रहों की अनुकूलता का सरल माध्यम है गौसेवा - स्वामी रामस्वरूपाचार्य



**आमला, देशबन्धु।** जनसहयोग से निर्मित और संचालित श्री महावीर हनुमान गौशाला के लिए आज विशिष्ट दिन रहा, क्योंकि आज महान कथा वाचक और संत रामानंदाचार्य कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी रामस्वरूपाचार्य चित्रकूट धाम का गौशाला में आगमन हुआ। सर्वप्रथम गौशाला परिवार द्वारा महाराज का चरण पखार कर अभिनंदन किया। महाराज ने गौशाला में गौपूजन किया गौमाता को गुण मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने आशीर्वाद स्वरूप कहा कि एक मात्र गाय की सेवा करने से ही मन, वाणी, कर्म और शरीर की पवित्रता संभव है। गौ सेवा से व्यक्ति अपने सम्पूर्ण कुल की रक्षा कर सकता है, सम्पूर्ण सृष्टि की सुरक्षा केवल गौमाता की रक्षा से ही संभव है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने समय एवं सामर्थ्य के अनुसार गाय की सेवा करनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि गौशाला का कार्य उत्तम है, निराश्रित बीमार और घायल गौवंश के आश्रय के रूप में ये गौशाला का कार्य श्रेष्ठतम है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि गौशाला में सभी तन मन और धन से सहयोग करे ।गौ सेवा करके अपने जीवन को धन्य करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सूर्यवंशी ढोलेवार कुंबी समाज के युवा प्रमुख अजय गंगारे, नरेंद्र आसोले, सुखदेव नारे समेत गौशाला परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित थे ।उल्लेखनीय है कि ससाबड़ के प्रतिष्ठित पुंडे परिवार द्वारा रामकथा करवाई जा रही, जिसके निमित्त स्वामी रामस्वरूपाचार्य का आगमन हुआ है और आज वे गौशाला पहुंचे।

# भोपाल घेराव की तैयारी में जुटे सहकारी कर्मचारी

### हर विकासखंड से भोपाल पहुंचेगी दो गाड़ियां



**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सहकारी कर्मचारी महासंघ की बैतूल इकाई की बैठक रविवार 2 मार्च को एक निजी मैरिज लॉन में आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी विकासखंडों के कर्मचारी और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य 5 मार्च को भोपाल में होने वाले वेतन विसंगति घेराव और आंदोलन की तैयारी करना था। इसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विकासखंड से दो-दो गाड़ियों में कर्मचारी भोपाल के लिए रवाना होंगे। बैठक में वेतन संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। सबसे पहले चांदू सहकारी समिति के कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाने की मांग रखी, जिस पर नवनिर्वाचित कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रबंधक हरि पाटनकर से आग्रह किया। उन्होंने कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की मंजूरी दी। इसी तरह रोंढा समिति में भी वेतन वृद्धि की मांग रखी गई, जिसे कमेटी ने प्रबंधक से चर्चा कर स्वीकृत करवाया। इसके अलावा, विक्रेताओं और कनिष्ठ विक्रेताओं के वेतन संबंधी समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि सहकारी कर्मचारियों को असामयिक विपत्तियों के दौरान आर्थिक सहायता देने के लिए हर समिति से एक निश्चित राशि जमा कराई जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाएगी और वर्ष में एक बार आम सभा का आयोजन किया जाएगा। संघ को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए भी कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भेंट किए गए। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरुण अडलक ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, वे उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। कार्यकारी अध्यक्ष धर्मराज धोटे ने सभी कर्मचारियों से संगठित रहने और सहयोग करने की अपील की। बैठक का संचालन समीर पाठक ने किया।

बैठक में जिलेभर के कर्मचारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। महिला जिला उपाध्यक्ष ललिता इवने ने भी कर्मचारियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बैठक में म.प्र. सहकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक लखन यादव ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा कि प्रत्येक विकासखंड में नियमित बैठकें होनी चाहिए और पूरे जिले में संगठन का सिर्फ एक बैनर होना चाहिए, ताकि संगठन को मजबूती मिले और भविष्य उज्ज्वल हो सके। इस अवसर पर भैंसदेही मार्केटिंग, उपभोक्ता भंडार और जिले की अन्य समितियों के कर्मचारी भी मौजूद रहे। बैठक के अंत में कार्यकारी अध्यक्ष धर्मराज धोटे ने आभार व्यक्त किया। आगामी बैठक अगले माह आयोजित की जाएगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से रामदयाल आजाद, निक्कू आर्य, भोला सोलंकी, गणेश लाहरपुरे, इशाक पठान, हरि पाटनकर, ज्ञानदेव गावंडे, नितिन गुप्ता, अरुण चौधरी, विवेक प्रजापति, विपिन आर्य, सुरेश कनाठे, अनिल लिल्होरे, नितिन बिसोने, दिलीप राठौर, राजा जैन, सुखराम साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति का हुआ पुनर्गठन

## दीपक खुराना अध्यक्ष एवं दीपक कपूर सचिव बने



**बैतूल, देशबन्धु।** शहर में 67 वर्षों से निरंतर प्रतिवर्ष होने वाले सबसे बड़े आयोजन रामलीला एवं भव्य दशहरा उत्सव के साथ सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय श्री कृष्ण पंजाब सेवा समिति बैतूल के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से राजेंद्र वार्ड स्थित श्री कृष्ण मंदिर पंजाबी मोहल्ला में चयन किया गया। जहां समिति संरक्षक सुभाष आहूजा, हरबंस लाल आहूजा, कश्मीरलाल बतरा, ब्रजलाल कपूर और चयन अधिकारी प्रमोद खुराना की गरिमामय उपस्थिति रही। समिति के अध्यक्ष हेतु दीपक खुराना के नाम का प्रस्ताव निवर्तमान अध्यक्ष कश्मीरलाल बतरा ने रखा, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। उपाध्यक्ष हेतु अशोक मदान और आमिर झाम का चयन हुआ। सचिव दीपक कपूर को चुना गया, सह-सचिव चरणजीत सतीजा, कोषाध्यक्ष विजय सलूजा और मीडिया प्रभारी के रूप में राजेश मदान को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर श्री कृष्ण पंजाब युवा सेवा समिति का भी पुनर्गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष हेतु दीपक सतीजा के नाम का प्रस्ताव दीपक खुराना ने रखा। उपाध्यक्ष सन्नी झाम और कुशकुंज अरोरा, सचिव धीरज (लवली) मदान, सहसचिव केतन चुघ, कोषाध्यक्ष भुवन सतीजा और मीडिया प्रभारी कुणाल शर्मा को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में श्याम मदान, नरेंद्र झाम, दीपक सलूजा, संजय भल्ला, प्रकाश मदान, राजेश शर्मा, मुकेश(लल्ली) वर्मा, राकेश आहूजा, दीपक सतीजा, पंकज बतरा एवं संजय गंगवानी को चुना गया। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए एकजुट होकर समाज के सेवाकार्यों में तत्परता से सहभागी होने की कामना की। विदित हो कि श्री कृष्णा पंजाब सेवा समिति द्वारा हर वर्ष गंज क्षेत्र में रामलीला और लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी जनता शामिल होती है जिसे लेकर नई कार्यकारिणी ने अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने का दृढ़ संकल्प लिया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई इस चयन प्रक्रिया के बाद सभी पदाधिकारियों का पुष्पहार से सम्मान कर मुंह मीठा कराया गया तत्पश्चात समिति के सभी सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ उन्हें बधाई दी। इस मौके पर पंडित धर्मेंद्र शर्मा, योगेश मदान, भूपेश सतीजा, चिंटू सतीजा, रमेश गुगनानी, अशोक बतरा, अशोक झाम, खिलेश सतीजा, भोलू बतरा, मोहित सतीजा, महेश सोनी, सन्नी टुटेजा सहित अन्य सामाजिक बंधु शामिल थे।

# डिजिटल अरेस्टिंग के मामले में पुलिस हुई रवना, जल्द होंगे आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



**सारनी, देशबन्धु।** सारनी थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार शाम एक दिल दहलाने वाली घटना ने स्थानीय लोगों को झकझोर कर रख दिया है। राजा सूरे 22 वर्ष, जो कि वार्ड नंबर 5 का निवासी है, ने डिजिटल अरेस्टिंग का शिकार होने के बाद आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक ने अपने हाथ और गले पर ब्लेड से वार कर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने तुरंत उसे मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बैतूल और फिर भोपाल रेफर कर दिया गया। फिलहाल, उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। जांच में यह सामने आया कि राजा को वीडियो कॉल और वॉयस कॉल के माध्यम से ब्लैकमेल किया जा रहा था। आरोपियों ने उससे 20 हजार रुपए की मांग की थी और भुगतान न करने पर उसके आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की धमकी दी थी। इस मानसिक दबाव के चलते राजा ने आत्मघाती कदम उठाने का निर्णय लिया। पुलिस की तकनीकी जांच में यह पता चला कि राजा के मोबाइल में आरोपियों द्वारा भेजे गए वीडियो कॉल, चैट और धमकी भरे संदेशों के प्रमाण मिले हैं। व्हाट्सएप चैट से स्पष्ट हुआ कि ब्लैकमेलर बार-बार संपर्क कर रहे थे। संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी ट्रैकिंग की जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। राजा के बयान के आधार पर आरोपियों पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। उपनिरीक्षक सुनील गौर के नेतृत्व में एक टीम राजस्थान रवाना की गई है। राजस्थान पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साइबर सेल को डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच के निर्देश दिए गए हैं। सारनी पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ऑनलाइन फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग के प्रति सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। साइबर अपराध से बचने के लिए अनजान लोगों से वीडियो कॉल और निजी जानकारी साझा करने से बचें।

# कांग्रेस नेता ने दिवंगत नेता की प्रतिष्ठा पर उठाए सवाल



**सारनी, बैतूल, देशबन्धु।** राजनीति में नैतिकता और मर्यादा की सीमाएं कब लांघ दी जाती हैं, यह तब स्पष्ट होता है जब किसी दिवंगत व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर सार्वजनिक रूप से प्रहार किया जाता है। कांग्रेस नेता नारायण खातरकर द्वारा जारी किए गए एक प्रेस नोट ने न केवल स्वर्गीय रविंद्र देशमुख की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया, बल्कि संपूर्ण कुनबी समाज की गरिमा पर भी कुठाराघात किया है।

कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष नारायण खातरकर द्वारा जारी किए गए बयान में स्व. रविंद्र देशमुख पर गंभीर आरोप लगाए गए। उन्होंने दिवंगत नेता को बीसी (कमेटी), ब्याज एवं आईपीएल सट्टे में संलिप्त बताते हुए व्यापारियों के 8 से 10 करोड़ रुपये डूबने का आरोप लगाया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ समाजों को राजनैतिक रूप से दरकिनार कर दिया गया है, जिससे क्षेत्र में सामाजिक असंतोष पनप रहा है।

इस बयान के बाद, स्वर्गीय देशमुख की पत्नी किरण देशमुख ने थाना प्रभारी, सारनी को एक लिखित शिकायत सौंपी, जिसमें इन आरोपों को निराधार, भ्रामक एवं मानहानिपूर्ण बताया गया। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि नारायण खातरकर के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति बिना प्रमाण किसी की प्रतिष्ठा को धूमिल न कर सके। किरण देशमुख का कहना है कि मेरे पति का राजनीतिक और सामाजिक जीवन निष्कलंक था। यदि नारायण खातरकर के पास कोई ठोस प्रमाण हैं, तो उन्हें सार्वजनिक करें अन्यथा ऐसे मनगढ़ंत आरोप लगाना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। यह न केवल मेरे पति की छवि खराब करने का प्रयास है, बल्कि पूरे कुनबी समाज को अपमानित करने का भी षड्यंत्र है।

**राजनीतिक और कानूनी पहलू:** यह मामला केवल व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय दंड संहिता की धारा 500 (मानहानि), धारा 505 (अफवाह फैलाना) और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत आपराधिक आचरण की श्रेणी में आता है। यदि पुलिस प्रशासन इस पर संज्ञान लेता है, तो नारायण खातरकर पर कानूनी शिकंजा कस सकता है। इसके अलावा, इस मामले में राजनीतिक प्रभाव भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि स्व. रविंद्र देशमुख की लोकप्रियता को देखते हुए, कांग्रेस नेता आगामी चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने के लिए इस तरह के बयान जारी कर रहे हैं। खातरकर द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट से यह भी स्पष्ट होता है कि कांग्रेस के भीतर जातिगत संतुलन और राजनीतिक समीकरणों को लेकर गहरी असहमति है। उनके बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि अनुसूचित जाति के नेताओं को आगे बढ़ाने के लिए, कुनबी समाज के प्रभाव को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। खातरकर ने अपने बयान में लिखा कांग्रेस को सिर्फ कुनबी समाज पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए, बल्कि अन्य समाजों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए, ताकि पार्टी का जनाधार व्यापक हो सके। इस बयान के माध्यम से, उन्होंने कांग्रेस के कुनबी समाज के नेताओं पर सीधा निशाना साधते हुए पार्टी के भीतर ही एक सामाजिक विभाजन को उजागर कर दिया है।

# बैतूल के खुशांक वाईकर ने मुंबई स्केटिंग चैंपियनशिप में जीता सिल्वर

**बैतूल, देशबन्धु।** मुंबई में आयोजित 12वीं ओपन रॉयल स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में बैतूल के प्रतिभाशाली स्केटर खुशांक वाईकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया है।




खुशांक वाईकर केनरा बैंक में असिस्टेंट मैनेजर अभिषेक वाईकर और सविता वाईकर के पुत्र हैं। उनके दादा किशन वाईकर रिटायर्ड शिक्षक हैं और दादी सुशीला वाईकर रिटायर्ड शिक्षिका हैं। खुशांक की इस उपलब्धि पर परिवार के सदस्यों स्वाति वाईकर, संजय उबारे, निहित उबानारे और शैलेश कुमार वाईकर ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस चैंपियनशिप में देशभर के कई प्रतिभाशाली स्केटर्स ने भाग लिया था, जिसमें खुशांक ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। उनकी इस सफलता से बैतूल का नाम एक बार फिर खेल की दुनिया में रोशन हुआ है।

मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कटनी के औद्योगिक विकास पर किया संवाद

# कटनी सहित प्रदेश के 10 अलग-अलग स्थानों में होगी औद्योगिक कॉन्क्लेव





**कटनी, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधन और संभावनाओं को देखते हुए कटनी सहित 10 अलग-अलग जिलों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कटनी जिला औद्योगिक निवेश की दृष्टि से संभावनाओं वाला जिला है। कटनी में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार और आर्थिक विकास के नए अवसर सृजित होंगे। ऐसे में कटनी में शीघ्र ही मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री ने यह बात रविवार को कटनी जिले में औद्योगिक विकास के संबंध में उद्योगपतियों से संवाद में कही। सांसद शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक मुड़वारा श्री संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, विधायक बहोरीबंद श्री प्रणय प्रभात पाण्डे, विधायक बड़वारा श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा और श्री दीपक टंडन मंचासीन रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए वर्ष-2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया गया है। पूरे वर्ष प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर एक मिशन के तौर पर प्रयास किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके तहत माइनिंग मिनरल, फूड प्रोसेसिंग जैसी जिस प्रकार की, जिस स्थान पर संभावनाएं उपलब्ध होंगी, प्रदेश की उन 10 अलग-अलग जगहों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत सबसे पहले इंदौर से आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केन्द्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फिर उज्जैन में पर्यटन (विशेषकर धार्मिक पर्यटन) और फूड प्रोसेसिंग के मद्देनजर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य स्थानों में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटनी में माइनिंग एवं मिनरल्स, फूड प्रोसेसिंग, चूना उद्योग, मार्बल उद्योग के नजरिये से औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कदम से कदम मिलाकर चल रही है। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश के नजरिए से अनुकूलता है। राज्य में अलग-अलग प्रकार की परिस्थितियों के साथ संभावनाएँ भी है। मध्यप्रदेश अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नये युग की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से जनसंवाद के दौरान ही संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा एवं कलेक्टर कटनी दिलीप कुमार यादव से कहा कि वे उद्योगपतियों के हित व औद्योगिक विकास के नजरिए से शासन की सभी 18 प्रकार की नीतियों और उद्योग की स्थापना में मिलने वाले लाभों की जानकारी उद्योगपतियों को उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से संवाद कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप-प्रज्जवलन से की। इसके बाद उद्योगपतियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। जिला प्रशासन नें मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एक जिला एक उत्पाद के तहत चयनित कटनी सैंड स्टोन से निर्मित अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भेंट की। उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान पिंड गणेश की प्रतिमा भेंट की। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सहित उद्योगपति पवन मित्तल, अरविंद गुगालिया, लघु उद्योग भारती के महामंत्री अरूण कुमार सोनी के अलावा माइनिंग एंड मिनरल्स, हेल्थ, एजुकेशन, दाल एवं राईस मिल, होटल व्यवसाय से संबंधित उद्योगपतियों की मौजूदगी रहीं।

मुख्यमंत्री ने कोलार में किया इस्कॉन मंदिर का भूमिपूजन, कहा-

# श्रीकृष्ण के जीवन से व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त होती है



**इस्कॉन मंदिर को कोलार रोड से जोड़ने वाले मार्ग का नाम प्रभुपाद मार्ग होगा**

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति से प्रेम और ग्राम संस्कृति को सम्मान देने की शिक्षा दी है। राज दरबार में सोने-चांदी और मोती माणिक्य के बीच मोर पंख को अपने शीश पर धारण कर सम्मान प्रदान करना प्रकृति से प्रेम का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण का यह भाव बताता है कि मनुष्य मात्र से प्रेम ही प्रभु प्राप्ति का सच्चा मार्ग है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोलार रोड क्षेत्र में मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास इस्कॉन द्वारा बनाए जा रहे श्री श्री राधा गोविंद मंदिर के भूमि पूजन के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का सुदामा को सम्मान देना, जीवन में मित्रता के महत्व और मित्र के सम्मान के लिए प्रतिबद्धता को प्रतिपादित करता है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के प्रसंगों से हमें कई व्यावहारिक शिक्षाएं प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा, इस्कॉन के मध्यप्रदेश प्रमुख गुरु प्रसाद स्वामी महाराज तथा सचिव महामन प्रभु उपस्थित थे। कार्यक्रम में बताया गया कि यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोलार रोड से इस्कॉन मंदिर को जोड़ने वाले मार्ग का नाम प्रभुपाद मार्ग रखने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और सात्विक जीवन प्रणाली के प्रसार में प्रभु पाद के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन विचारों के अनुरूप ही राज्य सरकार, मद्यनिषेध की दिशा में कार्य कर रही है, इसीलिए प्रदेश के 17 स्थानों में शराबबंदी की व्यवस्था लागू की गई है। प्रदेश में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ सहयोग से दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक ले जाने की कार्य योजना का क्रियान्वयन जारी है।

# मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान से गर्माई सियासत,कांग्रेस ने कहा-अहंकार बोल रहा है





भोपाल, देशबन्धु। मंत्री प्रहलाद पटेल के एक बयान से प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। मंत्री के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उनके बयान को भाजपा का अहंकार बताया है। उन्होंने मांग की है कि जनता को भिखारी वाले मंत्री पटेल का इस्तीफा लिया जाए। दरअसल भाजपा के कद्दावर नेता और मोहन सरकार में मंत्री प्रहलाद पटेल बीते शनिवार को राजगढ़ के सुठालिया पहुंचे थे। यहां उन्होंने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान जनसभा में जनता ने उन्हें कुछ आवेदन पत्र भी दिए। मंत्री पटेल ने इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। कोई नेता आता है तो उसे टोकरी भरके कागज पकड़ा दिए जाते हैं। मंच पर माला पहनाकर पत्र थमा दिए जाते है। लोगों को लेने की जगह देने की मानिसकता होनी चाहिए। ये लोग समाज को कमजोर कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अध्यक्ष श्री पटवारी ने अपने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि प्रदेशवासियों, भाजपा का अहंकार अब जनता को भिखारी भी कह रहा है! यह दुख में डूबे लोगों की उम्मीद और आंसुओं का भी अपमान है! ये चुनाव में झूठे वादे करते हैं और फिर मुकर जाते हैं! पटवारी ने लिखा कि जनता जब इन्हें वादों की याद दिलाती है, तो उस भिखारी कहने से भी नहीं चूकते! अच्छी तरह से याद रखना, भाजपा के ऐसे कई चेहरे कुछ समय बाद, फिर आपकी चौखट पर वोटों की भीख मांगने आएंगे।

# मुख्यमंत्री ने सिनर्जी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ किया



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साकेत नगर भोपाल में सिनर्जी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का गणेश पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर, अस्पताल के संस्थापक डॉ. निवेश सेहरा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्पताल के विशेषज्ञता विभागों, उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का अवलोकन किया।

# पीथमपुर में अब तक यूनियन कार्बाइड का 6750 किलोग्राम कचरा जला

**भोपाल, देशबन्धु।** यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट का प्रथम ट्रायल रन 27 फरवरी से मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्रा.लि. पीथमपुर, जिला धार द्वारा संचालित इंसीनरेटर में किया जा रहा है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि 2 मार्च को शाम 5 बजे तक 6750 किलोग्राम अपशिष्ट का दहन किया जा चुका है। अपशिष्ट के साथ लगभग 6750 किलोग्राम लाईम भी मिलाकर दहन किया गया है।

फ्लू गैसेस की सफाई हेतु लगभग 7500 किलोग्राम लाईम, 3750 किलोग्राम एक्टीवेटेड कार्बन तथा 50 किलोग्राम सल्फर का उपयोग किया गया। अपशिष्ट को जलाने हेतु लगभग 33 हजार लीटर डीजल की खपत हो चुकी है। अपशिष्ट के दहन के दौरान चिमनी से हो रहे इमीशन की लगातार मॉनिटरींग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लगभग 20 अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। साथ ही इमीशन के लगातार मॉनिटरींग के लिये ऑनलाईन कन्टीन्युअस इमीशन मॉनिटरींग सिस्टम भी संचालित है। चिमनी से उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा के भीतर पाये जा रहे है।

संभागायुक्त सिंह ने बताया कि पर्टीक्यूरेट मेटर का उत्सर्जन 9.6 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है, जिसकी निर्धारित अधिकतम मानक सीमा 50 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है। इसी तरह सल्फर डाईऑक्साइड का उत्सर्जन 70 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है, इसकी अधिकतम मानक सीमा 200 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है। नाईट्रोजन ऑक्साईड्स का उत्सर्जन 116 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है, इसकी निर्धारित अधिकतम मानक सीमा 400 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है। कार्बन मोनो ऑक्साईड का उत्सर्जन 18 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है, इसकी अधिकतम मानक सीमा 100 मिलीग्राम/सामान्य घनमीटर है।

मंत्री सारंग ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# मुख्यमंत्री आज करेंगे वाटर स्पोर्ट्स 5 दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ



**भोपाल देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 से 7 मार्च तक आयोजित होगी। मंत्री सारंग ने 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप के आयोजन स्थल का खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 मार्च को शाम 4 बजे पांच दिवसीय 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे। मंत्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है जिससे प्रदेश में वॉटर स्पोर्टस खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा और युवा वर्ग को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि वॉटर स्पोर्ट्स में भागीदारी के लिए मध्यप्रदेश देश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो इस दिशा में हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मंत्री सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा जिसमे 2 इवेंट्स पैरा सिंगल स्कल महिला एवं पुरुष वर्ग भी शामिल है। 14 इवेंट्स के सभी फाइनल्स 7 मार्च 2025 को संपन्न होंगे जिसमे 7 इवेंट्स सुबह एवं 7 की शाम होंगें। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएँगी।

मंत्री सारंग ने बताया कि भोपाल का बड़ा तालाब देश की सबसे बेहतरीन वॉटर बॉडी में से एक है, और यहाँ पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव की बात है। आगे उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर की कुल 27 टीमों में से 23 राज्यों की एवं इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयरफ़ोर्स, और सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की टीमों के 500 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# प्रदेश के 10 नगरों में नक्शा कार्यक्रम लागू, सम्पत्ति लेन-देने की प्रक्रिया होगी सरल

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के 9 जिलों के 10 नगरों में नक्शा कार्यक्रम लागू किया है। इसे केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग ने डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड्स और मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत शुरू किया है। नक्शा कार्यक्रम (नेशनल जियो स्पिेटियल नॉलेज बेस्ड लैण्ड सर्वे ऑफ अर्बन हेबिटेशन) सम्पत्ति लेन-देन और ऋण प्राप्ति को सरल बनायेगा। यह कार्यक्रम प्रापर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार और वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करेगा। प्रदेश में यह कार्यक्रम 9 जिलों के 10 नगरों में लागू किया जा रहा है। इनमें शाहगंज, छनेरा, अलीराजपुर, देपालपुर, धार कोठी, मेघनगर, माखन नगर (बाबई), विदिशा, साँची और उन्हेल शामिल हैं। नक्शा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित नगरों में जियो स्पिेटियल मेपिंग करना और भूमि सर्वेक्षण में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करना शामिल है। प्रदेश में ई-नगरपालिका के माध्यम से सभी नागरिक सेवाएँ ऑनलाइन प्रदाय की जा रही हैं। योजना के दूसरे चरण में पोर्टल के अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल की जा रही हैं। इसी के साथ इनका डाटा प्रबंधन क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है।

ईव्हीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ के माध्यम से चुनाव पर विचार

# लोकतंत्र की प्रयोगशाला हैं पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव: श्रीवास्तव

**पेंच जिला सिवनी में आयोजित हुई राज्य निर्वाचन आयुक्तों की नेशनल कॉन्फ्रेंस**



**भोपाल, देशबन्धु।** पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ईव्हीएम के बाद अब पेपरलेस बूथ की कल्पना को मूर्त दिया जा रहा है। पंचायत उप निर्वाचन में चुनाव पेपरलेस बूथ के माध्यम से सफलतापूर्वक कराये जा चुके हैं। मध्यप्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह बात राज्य निर्वाचन आयोग की 31वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस में कही। कॉन्फ्रेंस पेंच जिला सिवनी में आयोजित की गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराये जाने वाले पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की प्रयोगशाला और परीक्षण स्थली हैं। पूरी दुनिया के साथ भारत का यह अनुभव है कि जब भी निर्वाचन संबंधी कोई महत्वपूर्ण प्रयोग होते हैं, तो सबसे पहले स्थानीय निर्वाचनों में होते हैं। जब महिलाओं को प्रतिनिधि संस्थाओं में आरक्षण का विचार आया, तो सबसे पहले पंचायतों और स्थानीय निकायों में इसे लागू किया गया। मध्यप्रदेश में तो निकायों में पहले 33 प्रतिशत और बाद में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है। इसकी जितनी स्वीकार्यता पिछड़े कहे जाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में हुई, उतनी वरिष्ठ स्तरों पर अभी भी नही हो पाई। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन लोकतंत्र की नींव हैं। यह चुनाव पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता से कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस चुनाव के माध्यम से नागरिक सीधे शासन और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनते हैं। उन्होंने ऑनलाइन वोटिंग पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रयोग पहली बार एस्टोनिया में किया जा चुका है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के मद्देनजर यह जरूरी है कि हम चुनाव प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए प्रक्रिया में बदलाव करते रहें। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्रीवास्तव ने कहा कि चुनावी खर्च कम करने के उद्देश्य से राज्यों के बीच ईव्हीएम शेयरिंग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त उनके राज्य में किए गए नवाचारों को साझा करेंगे। इससे अन्य राज्यों में भी उसे लागू किया जा सकेगा। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता असम के राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री आलोक कुमार ने की। इस दौरान विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोग के नवाचारों को समाहित कर लिखी गई पुस्तक एक्स-चेंजएक्स-पीरियंस इनीशिएटिव-2025 का विमोचन किया गया।

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने स्थानीय निकायों की निर्वाचन प्रक्रिया में पेपरलेस बूथ प्रणाली तथा इंटरग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम को अपनाने की कार्ययोजना पर प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि पेपरलेस बूथ प्रणाली में डिजिटल टूल्स अपनाने से स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया सरल होगी। सभी डॉक्यूमेंटेशन डिजिटल होंगे तथा मानवीय भूल की संभावना भी कम होगी। उन्होंने बताया कि डिजिटल टूल्स का उपयोग होने से चुनाव में लगने वाले अमले की संख्या में कमी आएगी तथा चुनाव खर्च भी कम होंगे। आन्ध्रप्रदेश निर्वाचन आयोग की आयुक्त नीलम साहनी द्वारा स्वचलित लोकल बॉडी इलेक्शन प्रक्रिया पर प्रेजेंटेशन दिया गया। उन्होंने इलेक्ट्रोरल रोल मैनेजमेंट, पोल मैनेजमेंट के ऑटोमेशन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए अन्य आयुक्तों के साथ समस्या एवं सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की। विभिन्न राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्तों ने निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

लखनादौन एसडीएम रवि सिहाग तथा सहायक कलेक्टर पंकज वर्मा द्वारा ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिसेस और सुविधाजनक निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग त्रिपुरा द्वारा राज्य में स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर सिवनी सुश्री संस्कृति जैन ने प्रथम सत्र के समापन पर आभार व्यक्त किया। कॉन्फ्रेंस में तीन और चार मार्च को भी विभिन्न विषयों पर विषय-विशेषज्ञ प्रेजेंटेशन देंगे।

हिंदी लेखिका संघ का वार्षिक कृति पुरस्कार एवं सम्मान समारोह संपन्न

# महिलाओं ने अपनी लेखनी से समाज को दिशा दी: सुश्री भूरिया




**भोपाल, देशबन्धु।** लेखन समाज का दर्पण होता है। जब एक लेखिका अपनी रचनाओं के माध्यम से महिलाओं की स्थिति, उनके अधिकारों, उनके संघर्षों और उनके उत्थान की बात करती है, तो वह केवल अपनी ही कहानी नहीं बयां करती, बल्कि वह उन सभी महिलाओं की बात करती है जो मौन हैं, जो संघर्ष कर रही हैं और जो बदलाव की प्रतीक्षा कर रही हैं। यह बात महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहीं। वे हिंदी भवन के सभागार में हिंदी लेखिका संघ मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 30 वां वार्षिक कृति पुरस्कार एवं सम्मान समारोह 2024-25 में संबोधित कर रही थी।

सुश्री भूरिया ने कहा कि लेखन समाज के हर वर्ग को संदेश देता है। महिला लेखिकाओं का योगदान अमूल्य है और हम सभी को इसे पहचानने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है।उन्होने कहा कि हिन्दी साहित्य का इतिहास समृद्ध और विविधताओं से भरा हुआ है, जिसमें नारी का योगदान एक अहम् और विशिष्ट स्थान रखता है। हमारे देश के साहित्य में अनेक महान लेखिकाओं का योगदान रहा है, जिन्होंने न केवल समाज में विद्यमान सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव को उजागर किया, बल्कि उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से नारी के अधिकारों की लड़ाई भी लड़ी। यही कारण है कि हमें यह समझने की जरूरत है कि महिला लेखिकाओं ने केवल साहित्य में ही नहीं, बल्कि समाज में भी एक नई दिशा का संचार किया है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि प्रारंभ में महिला लेखकों को पुरुष लेखकों के मुकाबले कम मान्यता मिलती थी। लेकिन समय के साथ हमारे समाज और साहित्य में बदलाव आया है। आज ऐसी अनेक महिला लेखिकाएं हैं, जिन्होंने अपने लेखन से साहित्यिक जगत को एक नया आयाम दिया है। महिला लेखिकाओं ने हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। चाहे वह कहानी हो, कविता हो, उपन्यास हो या निबंध हो, हर रूप में उनकी आवाज़ सुनाई दी है। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि यह सम्मान समारोह नई लेखिकाओं के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। कार्यक्रम में हिंदी लेखिका संघ के प्रतिष्ठित सम्मान 2024-25, अमृत पर्व सम्मान वह वह हिंदी लेखिका संघ के कीर्ति पुरस्कार 2024-25 प्राप्त करने वाली लेखिकाओं को शॉल, श्रीफल, पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार सम्मान एवं युवा पत्रकार सम्मान भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. रामदरश मिश्र और हरिशंकर परसाई की जन्मशती पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित सर्जना वार्षिक स्मारिका व सांझा कहानी संकलन स्त्री मन की कहानियाँ का लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम में रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं विश्व रंग के निदेशक संतोष चौबे, रामायण शोध केंद्र भोपाल के निदेशक डॉ राजेश श्रीवास्तव, शिक्षाविद एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर आरती दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्र म में साहित्य जगत से जुड़े विकास दवे, ओपी श्रीवास्तव व लेखिकाएं उपस्थित थी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष..

**किसानों को अब 5 रुपये में मिलेगा** : कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। गेहूँ और धान पर दिए जा रहे प्रोत्साहन के समान ही दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में खेल, युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, नगर निगम भोपाल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

**मणिपुर के कई जिलों में हथियार:** सूचना आधारित संयुक्त अभियान के परिणामस्वरूप छह हथियार बरामद हुए, जिनमें एक 12 बोर सिंगल बैरल राइफल, एक मज़ल लोडेड राइफल, दो 9 मिमी पिस्तौल, दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, 10 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) व अन्य गोला-बारूद शामिल थे। सेना का कहना है कि बरामद हथियार और गोला-बारूद को मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।